

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 20 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-202 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## छत्तीसगढ़ में रविवार को मौत का मार्निंग वॉक,7 की मौत

रायपुर,20 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में आज अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। इनमें तीन छात्राएं व दो छात्र शामिल है। ये सभी आज मार्निंग वॉक पर निकले थे। तेज रफ्तार वाहनों ने इन्हें रौंद दिया। धमतरी में आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम भी कर दिया था।

### सुबह की सैर पर निकले दो छात्रों को हाइवा ने रौंदा, दोनों की मौत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. मॉर्निंग वॉक पर निकले दो छात्रों को तेज रफ्तार रेत से भरे हाइवा ने रौंद दिया है, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. वहीं घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है.

यह घटना केरेगांव थाना इलाके के सलोनी गांव की है. तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से 12 वर्षीय योगेंद्र यादव और नीरज ध्रुव की मौत हो गई है. घटना से गुस्साए ग्रामीण सड़क जाम कर प्रशासन से दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. केरेगांव थाना पुलिस से मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश कर रही है, लेकिन ग्रामीण बड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं.





### मार्निंग वॉक पर निकली तीन छात्राओं की ट्रक ने ली जान

**सक्ती 20 अक्टूबर.**छत्तीसगढ़ के सक्ति जिले में रविवार को ट्रेलर ने तीन युवतियों को रौंद दिया जिसके कारण इस हादसे में तीनों युवतियों की मौके पर मौत हो गई। इधर हादसे के बाद से ट्रेलर का ड्राइवर फरार है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना मुक्ताराजा बाराद्वार थाने की है।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को लिया चपेट में ,दो की मौत

**पचपेड़ी,20 अक्टूबर।** थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के सोनसरी सूरज ढाबा के पास रविवार सुबह 11-30 बजे के आसपास जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई निवासी आदित्य पटेल पिता कृष्णा पटेल उम्र लगभग 23 वर्ष

अपने साथी चंदन राम साहू पिता मालिकराम साहू उम्र लगभग 63 वर्ष के साथ किसी काम से अपने बाइक क्र. सीजी 11 एके 5340 में सवार होकर ससहा तरफ से जोधरा की ओर आ रहे थे बाइक ग्राम सोनसरी सूरज ढाबा के पास पहुंचा ही था तभी सामने जोंधरा की तरफ से आ रही बगैर नंबर की ट्रैक्टर ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी जिससे बाइक में सवार आदित्य पटेल और चंदन राम साहू की मौके पर ही मौत हो गई।वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पचपेड़ी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु मस्तूरी स्थित मर्च्युरी भेज दिया गया है वही दुर्घटनाकारित ट्रैक्टर ग्राम सोनसरी निवासी जोहन साहू का बताया जा रहा है। जिसको जब्त कर फरार ट्रैक्टर चालक की पता तलाश में जुट गई है।

## संक्षेप

### आशाराम के पुत्र नारायण साईं को जमानत

**अहमदाबाद,20 अक्टूबर।** रेप के मामले में गुजरात के सूरत जेल में सजा काट रहे नारायण साईं को जोधपुर जेल में अपने बुजुर्ग पिता आसाराम से मिलने की इजाजत दे दी गई है। आसाराम की बढ़ती उम्र को देखते हुए नारायण साईं ने आसाराम से मिलने के लिए गुजरात हाई कोर्ट में अर्जी दी थी। रेप के मामले में गुजरात के सूरत जेल में सजा काट रहे नारायण साईं को जोधपुर जेल में अपने बुजुर्ग पिता आसाराम से मिलने की इजाजत दे दी गई है। आसाराम की बढ़ती उम्र को देखते हुए नारायण साईं ने आसाराम से मिलने के लिए गुजरात हाई कोर्ट में अर्जी दी थी। डबल जज की बेंच की ओर से सकारात्मक जवाब दिया गया है। नारायण साईं अपने पिता आसाराम से जोधपुर जेल में 4 घंटे तक मुलाकात करेंगे। आसाराम की बढ़ती उम्र को देखते हुए नारायण साईं ने अपने पिता से मिलने के लिए गुजरात हाई कोर्ट से 30 दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी, जिसमें कहा गया कि आसाराम 86 साल के हैं, वे वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। वह जोधपुर जेल में बंद हैं।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा हसदेव अरण्य क्षेत्र

**गरियाबंद,20 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल हसदेव अरण्य क्षेत्र पहुंचे जिसमें शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी पहुंच कर शामिल हुए। वहीं प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में पेड़ों को काटने का विरोध कर रहे ग्रामीण आदिवासियों के ऊपर पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया था। पीड़ित आदिवासियों से मिलकर उनका हाल-चाल जाने, और कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी उस दौरान विधानसभा में सर्व सहमति से हसदेव के जंगल को न काटने का प्रस्ताव पारित हुआ था, जिसमें विपक्ष यानी तत्कालीन भाजपा सरकार की सहमति थी। लेकिन सरकार में आते ही न तो उन्हें यह प्रस्ताव याद रहा और न हसदेव मूल निवासियों की पीड़ा और अधिकार, लेकिन कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के लिए जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव लड़ा है और आगे भी हसदेव अरण्य के लिए लड़ता रहेगा।

### रिटायरमेंट के डेढ़ साल पहले अधिकारी के नक्सल क्षेत्र में ट्रांसफर पर हाईकोर्ट की रोक

**बिलासपुर,20 अक्टूबर।** रिटायरमेंट में 1 साल 8 माह बचे होने के बावजूद अधिकारी का नक्सल क्षेत्र में ट्रांसफर कर दिया गया. आदेश के खिलाफ अधिकारी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने ट्रांसफर पर रोक लगा दी है. दुर्ग स्थित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षण अधीक्षक के पद पर पदस्थ रायपुर निवासी सरोज वर्मा का ट्रांसफर विभाग ने घोर अनुसूचित एवं नक्सली जिला बीजापुर कर दिया था. इस आदेश को चुनौती देते हुए सरोज वर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की. मामले की सुनवाई के दौरान अधिकारी की ओर से तर्क दिया गया कि छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 55 वर्ष से अधिक की उम्र पार चुके शासकीय सेवक को घोर अनुसूचित जिले में पदस्थ नहीं किया जाएगा. याचिकाकर्ता की उम्र 60 वर्ष एवं 4 माह होने के बावजूद उनका स्थानांतरण घोर अनुसूचित-नक्सली जिला बीजापुर कर दिया गया, जो पॉलिसी का उल्लंघन है. अधिकारी की ओर से साथ में यह तर्क दिया गया कि उन्हें मिर्गी की बीमारी है, और उनके रिटायरमेन्ट को सिर्फ 1 वर्ष 8 माह शेष है, ऐसे में घोर अनुसूचित-नक्सली जिला बीजापुर में ज्वाइन करने से याचिकाकर्ता को परेशानी होगी. हाई कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है.

## सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार धमाका

### घटना स्थल पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

**नई दिल्ली,20 अक्टूबर।** प्रशांत विहार इलाके में स्थित सी.आर.पी.एफ स्कूल के पास आज सुबह एक जोरदार धमाका हुआ। ये धमाका इतना जोरदार था कि स्कूल की दीवार टूट गयी, पास की दुकानों और एक कार को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली पुलिस इस धमाके की जांच में जूट गई है। इसके अलावा एनएसजी कमांडो भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। रविवार सुबह हुए एक जोरदार धमाके ने रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके का माहौल बिगाड़ दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि प्रशांत विहार इलाके में स्थित सी.आर.पी.एफ स्कूल के पास आज सुबह एक जोरदार धमाका हुआ। ये धमाका इतना जोरदार था कि स्कूल की दीवार टूट गयी, पास की दुकानों और एक कार को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, इसकी वजह से कोई हताहत नहीं हुआ है। दिल्ली पुलिस इस धमाके की जांच में जूट गई है। इसके अलावा एनएसजी कमांडो भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सी.आर.पी.एफ स्कूल



के पास हुए धमाके के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां, बम निरोधक दस्ता और पुलिस की फोरेंसिक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। डीएफएस के अधिकारियों ने बताया, हमें सीआरपीएफ स्कूल की एक दीवार के पास सुबह सात बजकर 50 मिनट पर धमाका होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमने तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा। धमाका होने के कारण आग नहीं लगी है और न ही कोई घायल हुआ है, इसलिए हमारी गाड़ी वापस लौट आई। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और विशेष प्रकोष्ठ सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारी फोरेंसिक टीम और अपराध इकाई घटनास्थल से नमूने एकत्र करने के लिए मौके पर मौजूद है। एक पटाखे के कारण यह धमाका हो सकता है, लेकिन हम इस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि उसे सुबह 7.47 बजे एक जोरदार धमाका होने की सूचना मिली थी।

### डॉ.खंडूजा गिरफ्तार

**भिलाई,20 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ, अपोलो बी.एस.आर हॉस्पिटल स्मृति नगर के पूर्व डायरेक्टर, BSR स्कैन सेंटर भिलाई- दुर्ग- नागपुर के डायरेक्टर डॉक्टर एम. के खंडूजा को कोलकाता पश्चिम बंगाल में रविवार की रात्रि गिरफ्तार किया गया है। छावनी थाना के धोखाधड़ी के मामले पुलिस टीम में उप निरीक्षक वरुण देवता एवं प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह ने यह गिरफ्तारी शनिवार- रविवार की देर रात्रि की है आरोपी डॉक्टर खंडूजा को भिलाई ला लिया गया है 1 साल पहले खाना छावनी में आरोपी डॉक्टर एमके खंडूजा के खिलाफ भादवि की धारा 420 किताब धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद हुआ था डॉक्टर खंडूजा पर आरोप है.



## बस्तर दशहरा से वापस लौटी मांईजी शाम के वक्त डोली पहुंचेगी मंदिर

- आज सुबह 3:30 बजे माता की डोली व छत्र पहुंचे आंवराभाटा
- सुबह 7 बजे माता की डोली की हुई पूजा आरती, बड़ी संख्या में भक्त जुटे

**दंतेवाड़ा 20 अक्टूबर।** बस्तर की आराध्य देवी मांई दंतेश्वरी व मावली माता की डोली व छत्र बस्तर दशहरा भ्रमण के करीब 9 दिनों बाद आज सुबह वापस अपने धाम दंतेवाड़ा पहुंची। रविवार अल सुबह माता की डोली व छत्र आंवराभाटा पहुंची जहां सेवादारों व भक्तों ने पूरे सम्मान के साथ माता की डोली को रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित माईजी की विश्राम स्थल में बने चबूतरे में लाकर रखा। डोली के सम्मान में बीती रात जबलपुर की जगराता पार्टी द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था जिसे देखने सुनने भारी संख्या में नगरवासी पहुंचे थे। रविवार सुबह डोली के आगमन पर नगरवासी मांईजी के दर्शन पूजन करने आंवराभाटा विश्राम स्थल पहुंचे। सुबह 9 बजे मंदिर के पुजारी द्वारा विधि विधान से डोली की पूजा अर्चना कर आरती की गई तत्पश्चात भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद बांटा गया। बता दें कि आज शाम 4 बजे डोली व छत्र को पूरे सम्मान के साथ पुलिस के जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी जाएगी जिसके पश्चात डोली को गाजे बाजे व धुम धडाके के साथ मांईजी के सेवादार, पुजारी की उपसिथिति में सैकडों की संख्या में भक्त पैदल ही आंवराभाटा से मंदिर तक ले जाएंगे इस दौरान माता की डोली को एक झलक देखने उन्हें स्पर्श करने बडी संख्या में जगह जगह भक्तों की भीड़ उमड़ती है। माता की डोली वापसी के साथ ही बीते कई दिनों से चल रही बस्तर दशहरा महोत्सव का भी समापन हो जाएगा।


## राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं : रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,20 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में कई मुद्दों पर बीजेपी पर निशाना साधा. इस दौरान उन्होंने एक बयान दिया कि 'आदिवासी देश के पहले मालिक थे, भाजपा इन्हें वनवासी कहती है'. उनके इस बयान पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ को अबूझमाड़ किसने बनाया? कांग्रेस ने 50 सालों तक छत्तीसगढ़ को उपेक्षित रखा. अबूझमाड़ को सभ्यता के दौड़ से अलग करने का काम कांग्रेस ने किया है. टोडरमल के बाद सर्वे नहीं हुआ, आज सर्वे हो रहा है. राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है. उनको जो लिखकर देते हैं वह पढ़ देते हैं. इसके साथ ही रमन सिंह ने अन्य मुद्दों पर बयान दिया है.



रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी को टिकट मिलने पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुनील सोनी ने रिकॉर्ड मतों से सांसद का चुनाव जीता था और अब वह रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने वाला विधायक बनेंगे. कांग्रेस कोई भी प्रत्याशी को टिकट दे फर्क नहीं पड़ता. जनता सुनील सोनी को प्रचंड मतों से जीतने जा रही है. नारायणपुर आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद हो गए. इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार दबाव बन रहा है. उन्होंने बताया कि संयुक्त अभियान का परिणाम बहुत अच्छा रहा है, जिसमें एक ही दिन में 38 नक्सलियों को मार गिराया गया. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निश्चय इस बात का संकेत है कि आने वाले एक साल में नक्सलवाद का समाप्त होना निश्चित है.



## नेशनल हाइवे किनारे गड्ढे में मिली जली हुई कार

**गरियाबंद,20 अक्टूबर।** नेशनल हाइवे के किनारे गड्ढे में सुबह-सुबह पूरी तरह से जली हुई कार नजर आई. कार का दरवाजा बंद था, और अंदर कोई सवार भी नहीं था. ऐसे में यह दुर्घटना आम लोगों के साथ-साथ पुलिस के लिए भी एक पहेली बन गई है. फिलहाल, पुलिस कार नंबर के सहारे पतासाजी करते हुए मामले की तह तक जाने में जुटी है. आज सुबह नेशनल हाइवे में कोतवाली क्षेत्र में लावलीहुड कॉलेज के पास खाई में एक पूरी तरह से जली कार लोगों ने देखी. कार पूरी तरह से पलट हुई थी, जिसके चारों चक्के ऊपर थे. राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की. कार के नंबर प्लेट में सीजी 13 एजे 9991 लिखा हुआ है, जो मंजू देवी अग्रवाल के नाम से पंजीकृत है. हादसा कैसे हुआ, कौन-कौन सवार थे, हादसे के बाद आखिर सवार लोग कहां गएज्, इन बातों का खुलासा फिलहाल नहीं हुआ. आशंका है कि यह हादसा आधी रात को हुआ है, जिसकी वजह से किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई. वहीं गाड़ी 10 फीट से ज्यादा गहरे गड्ढे में मिली है, जिसके दरवाजे बंद, और अंदर एक भी सवार नहीं है. ऐसे में यह हादसा कई सवाल जन्म दे रही है. मामले में पुलिस भी अब तक कुछ भी कहने से बचते दिख रही है.

## लॉरेंस बिश्नोई पर परिवार हर साल खर्च करता है 40 लाख

**नई दिल्ली,20 अक्टूबर।** लॉरेंस बिश्नोई को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक जेल में बंद गैंगस्टर पर परिवार हर साल करीब 35 से 40 लाख रुपए खर्च करता है। यह पैसे उसकी देखभाल में खर्च किए जाते हैं। लॉरेंस बिश्नोई के चचेरे भाई ने इस बारे में जानकारी दी है। 50 साल के रमेश बिश्नोई ने लॉरेंस के बचपन और अन्य चीजों को लेकर भी जानकारी दी है। साथ ही रमेश ने यह भी बताया कि गैंगस्टर का नाम लॉरेंस कैसे पड़ा। रमेश का कहना है कि पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ ग्रेजुएट लॉरेंस के बारे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि वह आगे चलकर एक अपराधी बन जाएगा। रमेश बिश्नोई ने बताया कि लॉरेंस के पिता हरियाणा पुलिस में एक कांस्टेबल थे। उनके पास गांव में 110 एकड़ जमीन थी। लॉरेंस हमेशा ही महंगे कपड़े और जूते पहना करता था। उन्होंने आगे बताया कि आज जबकि वह जेल में बंद है, परिवार उसकी देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ता है। रमेश ने बताया कि लॉरेंस के ऊपर हर साल लगभग 40 लाख रुपए परिवार की तरफ से खर्च किए जाते हैं।



लॉरेंस बिश्नोई का जन्म पंजाब के फिरोजपुर में हुआ था। उसका असली नाम बलकरन बरार था। स्कूल के दिनों में उसने अपना नाम बदलकर लॉरेंस कर लिया। जानकारी के मुताबिक उसने अपनी चाची के कहने पर नाम बदला था। चाची को लगता था कि लॉरेंस नाम उसके ऊपर अच्छा लगता है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में लॉरेंस बिश्नोई का नाम कई हाई-प्रोफाइल केसेज में उछला है। पिछले हफ्ते मुंबई में फिल्म अभिनेता सलमान खान के दोस्त बाबा सिद्दिकी मर्डर में भी लॉरेंस बिश्नोई का नाम आया है। इसके अलावा कनाडा की पुलिस अपने देश में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की गतिविधियों से जुड़ा दावा किया है। हालांकि भारत सरकार ने इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पहले मई 2022 में मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी लॉरेंस बिश्नोई का नाम उभरा था। आरोप है कि बिश्नोई गैंग ने ही मूसेवाला की हत्या की थी। लॉरेंस बिश्नोई गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है। अलग-अलग केसों में एटीएस और एनआईए उसके खिलाफ जांच कर रही है। अगस्त 2023 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया था कि बिश्नोई को किसी अन्य राज्य की जेल में नहीं भेजा जा सकता। अगस्त में इस आदेश की समयसीमा एक साल के लिए बढ़ा दी गई।

### सीसी रोड स्वीकृति के नाम पर फर्जी कलेक्टर ने मांगा कमीशन,पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा,20 अक्टूबर।** समय के साथ अपराध के नए-नए तरीके इजाद हो रहे हैं. ऐसा ही मामला थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम चारपारा में सामने आया, जहां कलेक्टर बनकर आरोपी ने फोन पर सीसी रोड की स्वीकृति का हवाला देते हुए सरपंच से कमीशन की मांग की. शक होने पर सरपंच ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा. थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम चारपारा सरपंच ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने फोन कर अपने आप को जिला कलेक्टर बताकर ग्राम पंचायत में 10 लाख रुपया का सीसी रोड स्वीकृति होने की बात कहते हुए 10 प्रतिशत कमीशन के लिहाज से एक लाख की मांग करने लगा. कथित कलेक्टर ने बताया कि स्वीकृत राशि एक सप्ताह में उसके खाते में आ जाएगी. सरपंच ने शक होने पर थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया. पुलिस ने धारा 318(4), 319(2), 62 BNS के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया.

## कांग्रेस को नहीं मिल रहा प्रत्याशी: टंकराम

**रायपुर,20 अक्टूबर** ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने को हैं. भाजपा ने पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी घोषित किया है. वहीं कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी तय नहीं किया है. भाजपा इस उपचुनाव को लेकर काफी कॉन्फिडेंट है, तो वहीं कांग्रेस ने आज प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेल का आयोजन किया है, जिसमें प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन किया जाएगा. इस सम्मेलन को लेकर खेल एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि जैसे लोकसभा चुनाव में उनको (कांग्रेस) डर था, उनको प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, वैसे ही दक्षिण में प्रत्याशी किसको बनाये, ये उनके लिए मुश्किल है. उन्होंने आगे कहा कि आगामी रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में भी कांग्रेस की हार होगी और नगर निगम व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हार होगी. उन्होंने पूर्व सांसद सुनील सोनी को दक्षिण से प्रत्याशित घोषित करने को लेकर कहा- सुनील सोनी महापौर रहे हैं वरिष्ठ नेता हैं. सांसद भी रहे हैं, अच्छे नेता है और दक्षिण विधानसभा से प्रत्याशी बनाये गए हैं. मैं उनको बधाई देता हूं. पार्टी में प्रत्याशी नहीं पार्टी चुनाव लड़ता है, कमल का फूल चुनाव लड़ता है. वहीं बीजेपी पार्टी में दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी में बगावत जैसी बात नहीं है, दावेदार कई होंगे पर प्रत्याशी एक ही होता है. सब तन मन लगाकार काम करते है. बीजेपी में संगठन चुनाव को लेकर भी मंत्री वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी सदस्यता महाभियान चल रही है. अभी सक्रिय सदस्य बनाने के लिए भी अभियान शुरू हो गया है. संगठन के लिए फिर से चुनाव होगा.



### कांग्रेस के बयान पर पलटवार

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आज एयरपोर्ट का लोकार्पण किया जाना है. इसे लेकर कांग्रेस के बयान पर मंत्री वर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि ये लोग कुछ भी बोल सकते हैं. देश के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में तरक्की हुई है. पहले 74 एयरपोर्ट था, अब 250 हो गए है. 2018 तक हमने जितना काम किया था, उनका उद्घाटन ही किया है. इन्होंने अपने 5 साल के कार्यकाल में कुछ नहीं किया है.

### एक बार फिर भाजपा रचेगी इतिहास: साव

**रायपुर,20 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव में बनाए गए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बहुत ही वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्ता बताया है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में ऐतिहासिक वोटों से जीत दर्ज करने के बाद एक बार फिर भाजपा इतिहास रचेगी. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा. अब जनता को एक वोट से दो विधायक चुनने का मौका मिलेगा. सीट पर लगातार आठ बार बृजमोहन अग्रवाल निर्वाचित होते रहे हैं, अब वे सांसद के रूप में उनका प्रतिनिधित्व कर ही रहे हैं.

# शहरों के विकास के लिए पैसों की कमी नहीं:उप मुख्यमंत्री साव

■ भिलाई-चरौदा में खेल मैदान के लिए एक करोड़ की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 20 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में चरौदा के भांठापारा वार्ड में 26 करोड़ 69 लाख रुपये लागत के 144 विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन संपन्न हुआ। जिसमें 23 करोड़ 29 लाख के 128 कार्यों का भूमिपूजन तथा 3 करोड़ 40 लाख के 16 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे भी कार्यक्रम में सम्मलित हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जब से प्रदेश में सरकार बनी है, इसके 10 महीने के अंतर्गत 2 हजार 8 सौ करोड़ की राशि शहरों के विकास के लिए जारी किया जा चुका है। शहर की प्रतिष्ठा प्रदेश से जुड़ा है। इसलिए हम शहरों की विकास को प्राथमिकता दे रहे है। उन्होंने कहा कि जो काम विगत सरकार के 5 वर्षों में नहीं हुआ। सरकार बनते ही 12 दिनों में पूरा किया गया है। किसानों को 02 वर्षो के बोनस राशि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मोदी जी के गारंटी के तहत महतारी वंदन अंतर्गत हितग्राही महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दिये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करायी जाएगी। 08 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिल चुकी है। वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में साय-साय विकास हो रहा है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि भिलाई चरौदा के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। यहाँ के विकास को और तेज गति से बढ़ाना है, इसके लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के मांग पर भिलाई-3 चरौदा में खेल मैदान के लिए एक करोड़ रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव ने अपने करकमलों से 25 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। प्रधानमंत्री स्व निधी योजना अंतर्गत लाभान्वित 4 महिला स्व सहायता समूह को राशि का चेक, 4 हितग्राहियों को सिलाई मशीन तथा राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटों प्रदान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि निगम वासियों के मांग के अनुरूप सरकार ने विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सुशासन में मोदी जी की गारंटी पूरी हो रही है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आज निगम क्षेत्र में विकास की गंगा बहने जा रही है। यह सब क्षेत्र के जागरूक जनप्रतिनिधियों की विकास के प्रति समन्वय की भावना की देन है। समारोह को महापौर निर्मल कोसरे ने भी संबोधित किया। निगम आयुक्त दशरथ राजपूत ने कार्यक्रम में विकास प्रतिवेदन का वाचन किया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए नशे से दूर रहने जनप्रतिनिधियों ने की विनम्र अपील



**कवर्धा 20 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में चाय दुकान , समोसा बेचने वाली दुकान , पोहा बेचने वाली दुकानों , गांवों में ओर शहरों में कुछ निजी राशन दुकानों में भी सिगरेट , गुटखा बिक रही है । इसके पीछे यह कारण देखा जा रहा है की युवाओं में गुटखा के प्रति मोह ज्यादा है और शायद गुटखा खाने ओर सिगरेट पीने वालो को खबर नहीं है कि इससे कैंसर बीमारी होती है । कही ना कही अब समय आ गया है की नशा मुक्त अभियान युद्ध स्तर पर हो ओर पंच, उपसरपंच , सरपंच और शासकीय कर्मचारियों को भी नशा मुक्त अभियान के प्रति जागरूक करना होगा । पूर्व विधायक अशोक साहू ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , सरपंच राम कुमार सिन्हा वरिष्ठ बीजेपी नेता सीता राम साहू ने नशा कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील की । सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी लाला राम चंद्रवंशी भी युवाओं और सभी लोगों से विनम्र अपील करते हुए कहा की नशा से दूर रहे क्योंकि नशा से बीमारी होती है आपका भविष्य बर्बाद होता है ।

### पीएम के सपनों को सरकार कर रहे हैं अध्यक्ष मनहरण



**कवर्धा 20 अक्टूबर।** कवर्धा नगर अध्यक्ष मनहरण साफ सफाई को लेकर दिखते है गंभीर और नगर वासियों में चर्चा है की जब से अध्यक्ष बने है तब से अकेले स्वच्छता मिशन की ओर सुबह से ही सक्रिय हो जाते है और आफिस में दोपहर में बैठते है और जनता की भावनाओं को सुनते है और समझते है और विभिन्न वार्डो की सफाई समीक्षा भी करते है और कई गांवों में भी अध्यक्ष मनहरण से जनप्रतिनिधियों को प्रेरणा लेनी चाहिए जिससे कि गांवों में भी बेहतर स्वच्छता हो जिसकी चर्चा गांवों में भी शुरू हो गई है । पीएम मोदी के सपने को साकार कर रहे है कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण ऐसी चर्चा है और टिकट की दावेदारी भी पुख्ता मजबूत दिख रही है वैसे बहुत सारे दावेदार है ।

### साइकिल चोर गिरफ्तार



**भिलाई 20 अक्टूबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र एक युवक को लिफ्ट लेने के बहाने उसकी मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पुलिस की चेकिंग के दौरान पकड़ में आए है खुर्सीपार टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मंगल बाजार ठेठवार पारा छावनी निवासी अजय यादव (36 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 सितंबर को अपने मोटर साइकिल से अपने निजी काम से ट्रांसपोर्ट नगर गया हुआ था अपना काम कर वापस अपने घर जा रहा था साईं धर्मकांटा के पास खुर्सीपार में दो अज्ञात लड़के मिले और प्रार्थी को लिफ्ट मांगे। रात 9.45 बजे श्रीराम चौक के पास खुर्सीपार पहुंचा था उसी समय अपनी मोटर साइकिल को छोड़कर दुकान में सामान लेने के लिए गया।

### तीन दिवसीय उन्नयन प्रशिक्षण दिया

**दुर्ग,20 अक्टूबर।** मछली पालन विभाग द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 3 दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड दुर्ग एवं धमधा प्रभारियों द्वारा 200 पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया गया। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती योगिता एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू उपस्थित थी।

### जेल संदर्शकों का मनोनयन नहीं किया

**दुर्ग, 20 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन (गृह एवं जेल विभाग) द्वारा जेल संदर्शकों का मनोनयन किया जाता है। संयुक्त कलेक्टर श्री मुकेश रावटे ने बताया कि कार्यालय कलेक्टर दुर्ग द्वारा किसी भी जेल संदर्शक का मनोनयन नहीं किया गया है।

### निधन

#### गीता गुप्ता

**भिलाई, 20 अक्टूबर।** श्रीमती गीता गुप्ता उम्र 65 वर्ष का 19 अक्टूबर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास लिंक रोड कैम्प-2 जलेबी चौक से दिनांक 20 अक्टूबर दिन रविवार को 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम हेतु निकलेगी। वे रामाधार गुप्ता की पत्नी रामअवतार गुप्ता रामदास गुप्ता की भाभी एवं प्रशांत गुप्ता अभिषेक गुप्ता नेहा गुप्ता की माता जी थीं।



# यातायात पुलिस ने रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 20 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक चंद्राकर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलको ने रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और स्कूल बसों के ड्राइवरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रवीण खलको ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया, और उन्हें सड़क सुरक्षा, यातायात संकेत, सड़क पर चलने के नियम, दुर्घटनाओं के कारण और उनके बचाव के तरीके, तथा मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, बच्चों को यह भी बताया गया कि वे अपने परिवार और आस-पास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।यातायात प्रभारी ने स्कूल बसों के ड्राइवरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि सभी वाहन चालकों को गाड़ियों के फिटनेस, परमिट और अन्य आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखने चाहिए। शराब के सेवन के बाद वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीडिंग से बचने और वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, उन्होंने ड्राइवरों से सीसीटीवी कैमरे की स्थिति की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम में यातायात शाखा के आर. संजू चंद्रवंशी, सतीश मिश्रा, भगवान दास, महिला आरक्षक तृप्ति सेन, स्कूल के प्राचार्य एम. शारदा, शिक्षकगण, स्कूल के ड्राइवर और विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही, स्कूल परिसर और स्कूल बसों पर पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा भेजे गए पोस्टर एवं बैनर भी चिपकाए गए, जिससे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

# भृत्य के पद पर मिली अनुकम्पा नियुक्ति



**दुर्ग, 20 अक्टूबर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत 03 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर भृत्य के पद पर जिला कार्यालय में पदस्थ किया है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रीमती मधुबाला यादव पिता स्व. संतोष कुमार यादव ग्राम परसुली पोस्ट तुमाकला तहसील धमधा जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में तथा श्री हिमांशु यादव पुत्र स्व. प्रकाश कुमार यादव 75/2 पचरी पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार श्री अभय राज भगत पिता स्व. सिकंदर राम भगत ग्राम दमगड़ा पोस्ट केराडीह तहसील कुनकुरी जिला जशपुर, वर्तमान पता ब्लाक नंबर 14 मकान नंबर 95 तीसरी बटालियन छ.ग.स.ब. अम्लेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। उक्त आवेदकों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर कर्त्तव्य पर अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा गया है।

# मरार पटेल समाज का युवक- युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को

**उतई 20 अक्टूबर।** शनिवार को छत्तीसगढ़ (को) मरार पटेल समाज का कोर ग्रुप की बैठक पटेल विद्या मंदिर रायपुर में संपन्न हुआ जिसमें निर्णय लिया गया मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को धमधा में आयोजित किया जाएगा। परिचय माला पुस्तिका प्रकाशन के लिए विवाह योग्य समाज के युवक-युवती का निःशुल्क बायो डेटा संकलन प्रभारियों के पास 5 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जमा किए जाने की सहमति बनी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, संरक्षक अमर सिंह पटेल, लोचन पटेल, रामेश्वर पटेल, महासचिव ललित पटेल, कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, खेलूराम पटेल, पवन पटेल, महामंत्री सियाराम पटेल, कुबेर पटेल, डॉ घनश्याम पटेल, उपकोषाध्यक्ष शिवनारायण पटेल, राजीनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, श्रीमती शतरूपा पटेल महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार पटेल रायपुर राज अध्यक्ष आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।




# युवक से लूटपाट करने वाले दो लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 20 अक्टूबर।** कटर की नोंक पर एक युवक से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, प्रार्थी का आधार कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त थर्माकोल कटर बरामद किया है खुर्सीपार टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि गौतम नगर खुर्सीपार निवासी उदय कुमार निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 अक्टूबर को रात 10.45 बजे दुध लेने के लिए दुकान जा रहा था। तभी रास्ते खिलु और रोशन सन्यासी गली के पास खड़े मिले तो खिलू प्रार्थी को देखते ही जेब से कटर निकाल लिया और प्रार्थी के पास आकर गले में लगाकर कहा कि कितना पैसा रखा है। तब प्रार्थी बोला पैसा नहीं है तब खिलू ने प्रार्थी के जेब से मोबाइल को एवं रोशन जेब में रखे पर्स को लूटकर भाग गए खुर्सीपार थाना पुलिस मुखबिर से सूचना मिला कि पड्डा प्राइड अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो युवक मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है।

# देश आत्मनिर्भर होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा:डिप्टी सीएम साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा 20 अक्टूबर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करते हुए स्वदेशी उत्पादों की सराहना की और स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्वदेशी मेला में स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति और रीति-रिवाजों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकगीत, सुआ नृत्य, और विभिन्न नृत्य शामिल थे, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधान पहनकर अपने नृत्य और गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतिराम चंद्रवंशी, रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल,, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , युवा बिजनेसमैन अतुल देशलहरा , पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील दोशी, श्रीकांत उपाध्याय , सनत साहू, मनीराम साहू जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि स्वदेशी मेले का उद्देश्य न केवल भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देना है, बल्कि देश के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को भी सशक्त करना है। स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और कौशल का प्रतीक है, जो हमारे गौरवशाली इतिहास और विरासत को पुनर्जीवित करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर हम देश को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं और ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के सपने को साकार कर सकते हैं। स्वदेशी मेले का आज तीसरा दिन है, और इसमें उमड़ा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है कि मेला सफल रहा है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से स्वदेशी मेले से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अतुल जैन ने कहा कि स्वदेशी मेला कवर्धा के अंचल में पहली बार हो रहा है और अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में उपयोग होने वाली छोटी छोटी चीजें का उपयोग करते है वह स्वदेशी हो इसका प्रयास करना चाहिए।

## समाचार संक्षेप

### क्रिप्टों करेंसी में निवेश का झांसा देकर ठगी

**भिलाई 20 अक्टूबर।** ठग ने प्रार्थिया को टेलीग्राम ऐप पर चैट के माध्यम से क्रिप्टों करेंसी में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा दिया। इसके बाद उसके बैंक एकाउंट का दुरुपयोग करते हुए अत्यधिक रकम का लेनदेन किया। जब बैंक ने खाता को ब्लॉक कर दिया। तब मामले की रिपोर्ट भिलाई नगर थाने में की गई। बताया जाता है कि पीड़िता बीएसपी के सेवानिवृत्त डॉक्टर की बहू है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया ने शिकायत की है कि मार्च 2023 में एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। उसने टेलीग्राम ऐप पर चैट के माध्यम से क्रिप्टों करेंसी में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा दिया। पूर्व में पैसे निवेश करने पर एसबीआई से बैंक एकाउंट से लाभ मिले थे। 12 मई 2024 को उसी व्यक्ति ने 1 वर्ष बाद फिर कॉल किया। फिर उसने क्रिप्टों करेंसी में निवेश करने का झांसा दिया, लेकिन इनवेस्ट करने से इनकार कर दिया था। उस व्यक्ति ने जॉब का भी ऑफर दिया। पेमेंट के बदले कमीशन देने की बात कही थी। उसने एक लिंक दिया। लिंक को क्लिक कर अपनी डिटेल सम्मिट कर दी। ठग ने उसका नेट बैंकिंग चालू कराया। स्कैमर ने एक लिंक भेज कर प्रार्थिया के बैक खाते और फोन तक अनधिकृत रुपए से अपने कब्जे में कर नेट बैंकिंग के आईडी एवं पासवर्ड का दुरुपयोग किया 17 मई 2024 से 12 जून 2024 तक ठग ने पीड़िता के खाते से धोखाधड़ी वाले अवैध लेनदेन किए.उसके खाते में कई बैनिफिसियरी एकाउंट फर्जी तरीके जोड़कर उनमें पैसे का भुगतान कर दिया गया है।

### राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास मीट में बीएसपी पवेलियन की सराहना




**भिलाई, 20 अक्टूबर।** प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट का आयोजन भारती विश्वविद्यालय पुलगांव, दुर्ग में 18 से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। दुर्ग जिले से लगभग 300 से अधिक जूनियर, यूथ रेडक्रॉस एवं काउंसलर ने मीट में भाग लिया। इस मीट में रेडक्रॉस का इतिहास, संगठन, गतिविधियां, प्राथमिक उपचार, यातायात नियम, एड्स जागरूकता, आपदा प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर स्थल में 20 से अधिक स्टालों का निर्माण किया गया है, जिनमें विभिन्न संस्थानों और सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र भी भाग ले रहा है। इस पवेलियन में भिलाई इस्पात संयंत्र की विभिन्न इकाइयों खदान, कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट्स, स्टील मेल्टिंग शॉप्स, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, बार एंड रॉड मिल, मर्चेंट मिल तथ वायर रॉड मिल में प्रचालन प्रक्रियाओं को प्रदर्षित किया गया है। इस अवसर पर आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आईएएस सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी, आईजी राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन तथा स्काउट एंड गाइड्स के कमिश्नर सहित आसपास के जिलों के डिप्टी कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बीएसपी के पवेलियन की सराहना की और आकर्षक पैनल, कटआउट और फिल्मों में गहरी रुचि ली। राष्ट्र निर्माण में भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादों के योगदान तथा बीएसपी निर्मित विभिन्न गुणात्मक उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सतत प्रयासों से ग्रामीण विकास के लिए दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में संयंत्र द्वारा किए गए सामाजिक और सीएसआर गतिविधियों को पवेलियन में कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया है। बीएसपी का पवेलियन आकर्षक पैनल, कटआउट और फिल्मों के प्रदर्शन के कारण लोगों को आकर्षित कर रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा दर्शकों के जिज्ञासाओं का समुचित समाधान किया जा रहा है।

### वेल्डिंग श्रमिकों के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतिस्पर्धा आयोजित




**भिलाई, 20 अक्टूबर।** दि इन्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्डिंग-भिलाई ब्रांच एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में 18 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय वेल्डिंग प्रतियोगिता के प्रथम चरण का शुभारम्भ मुख्य महाप्रबंधक पी के सिंग के मुख्य आतिथ्य एवं मानद सचिव (आईआईडब्लू-भिलाई शाखा) सुनील कुमार बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संविदा वेल्डरों के कार्यों का मूल्यांकन तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें पूर्व विभागाध्यक्ष एस.सी टुटेजा, विभागाध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल एवं महाप्रबंधक एम हुसैन शामिल हैं। कौशल विकास पर केन्द्रित इस दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्स-3 के राष्ट्रीय ट्रेड (वेल्डिंग) प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता कार्मिक परमेश्वर लाटिया द्वारा सभी प्रतिभागियों को वेल्डिंग से सम्बंधित उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। प्रतिस्पर्धा को संपन्न कराने में महाप्रबंधक वी के ओगले, महाप्रबंधक राजेश अग्रवाल, महाप्रबंधक इलियास अहमद सहित वेद प्रकाश तिवारी, अनिमेश झा, चंद्रशेखर नामदेव, आलोक मिश्रा एवं डी संतोष का विशेष योगदान रहा।

एक नजर

## रोशनी वैष्णव के प्रयास से क्षेत्र में 2.91 करोड़ रुपए स्वीकृत



**राजनांदगांव 20 अक्टूबर।** जनपद क्षेत्र 18 जनपद सदस्य रोशनी योगेन्द्र वैष्णव के प्रयास से धामनसरा से कोटराभांठा 3 ,50 किलोमीटर 1 करोड़ 63 लाख 27 हजार मुड़पार से उसडीबोड 62लाख 1,50 किलोमीटर भारतीय रोड़ कांग्रेस मद तथा शिक्षा मद से धामनसरा नवीन हाईस्कूल 76 लाख स्वीकृत हुआ क्षेत्र धामनसरा सरपंच लोकेश गंगबीर उपसरपंच कृत लाल पटेल ढ़ालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कलेन्दी यादव सरपंच मुड़पार निशा साहू सरपंच उसडीबोड राजेश कुमार साहू धनेश्वरी साहू पूर्व सरपंच कोटराभांठा सहित ग्रामीण जन ने वैष्णव आभार व्यक्त किया।

## वक्ता मंच की ग्रीटिंग कार्ड स्पर्धा में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया



**रायपुर 20 अक्टूबर।** प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 19 अक्टूबर को दीपावली - 2024 विषय पर संपन्न शहर स्तरीय ग्रीटिंग कार्ड बनाओ स्पर्धा मे रायपुर की 30 शिक्षण संस्थानों के 230 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भाग लिया द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि नलघर चौक स्थित जिला ग्रंथालय मे संपन्न यह स्पर्धा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, महाविद्यालयीन एवं ओपन इन पाँच स्तरों पर रखी गई थी द्य पांचों स्तरों पर आकर्षक पुरस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे द्य वक्ता मंच द्वारा गठित निर्णायक मंडल द्वारा प्राप्त समस्त प्रविष्टियों की जांच कर अतिशीघ्र निर्णयों की घोषणा की जायेगी द्य इस स्पर्धा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपना रचनात्मक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है द्य स्पर्धा के माध्यम से एकत्रित ग्रीटिंग काड्र्स बाल आश्रमों, वृद्धाश्रमों एवं सीमा पर तैनात सैनिकों को भेजने का प्रबंध किया जा रहा है द्य आज की स्पर्धा टीम वक्ता मंच के शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, पूर्णेश डडसेना, हेमलाल पटेल एवं जितेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई । स्पर्धा का पुरस्कार वितरण जनवरी, 2025 मे आयोजित वक्ता मंच के वार्षिक समारोह में किया जायेगा।

## जनसुरक्षा योजनाओं में लोगों को शामिल करने विशेष अभियान हुआ शुरू

**रायपुर 20 अक्टूबर।** केंद्र सरकार ने जन सुरक्षा योजनाओं में सभी पात्र नागरिकों को शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 15 अक्टूबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक चलेगा। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना- 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा योजना हे। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का मृत्यु बीमा दिया जाता है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति छत्तीसगढ़ के उप महाप्रबंधक श्री राकेश कुमार सिन्हा ने बताया की प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 18 से 70 वर्ष तक के आयु के सभी लोग ले सकते हैं। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति छत्तीसगढ़ के सहायक महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार सिंह ने बताया की छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के 11,656 ग्राम पंचायतों में कैंप आयोजित किए जाएंगे। सम्बंधित बैंकों और अग्रणी बैंक अधिकारियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल बनाया जाएगा।

## भाजपा के सदस्यता अभियान में तेजी,मुसरा में डोंगरगांव मंडल की बैठक हुई

**राजनांदगांव 20 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान इन दिनों पूरे जिलेभर में जोरों पर है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल अपनी टीम के साथ प्रतिदिन जिले के किसी न किसी मंडल का दौरा करके सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहे है। इसी तारतम्य में आज वे डोंगरगांव मंडल के मुसरा केन्द्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली व घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता से जोड़ा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह व आमलोगों का भाजपा के प्रति बढ़ रहे रूझान को देखते हुये पार्टी ने निर्धारित 15 अक्टूबर के बाद भी 30 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान जारी रखने का निर्णय लिया है।

# पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं से नागरिक हुए अवगत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 20 अक्टूबर।** प्राचीनतम पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं से ओतप्रोत तथा ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवताओं के प्रति नई पीढ़ी में आस्था और श्रद्धा जगाने की दृष्टि से माता देवालय दर्शन यात्रा का आगाज हुआ। विधायक दलेश्वर साहू के निर्देशन में आयोजित माता देवालय दर्शन यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ डोंगरगांव नगर के शीतला व चंडी मंदिर में विधिवत पूजन उपरांत जनपद अध्यक्ष के गृहग्राम मनेरी में समापन हुआ। लोक मंड़ई के सुजेता, लोक कलाकार तथा क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार किये गये कांसेप्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनूठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में विधानसभा मुख्यालय डोंगरगांव नगर में विराजित कालेज रोड स्थित शीतला मंदिर में कात्रो की कुँवारी माता एवं सोनेसरार की डामेश्वरी माता के सानिध्य में विधायक दलेश्वर साहू द्वारा सपत्निक विधिवत पूजन उपरांत प्रथम चरण की यात्रा का शुभारंभ हुआ। कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित अंचल की लगभग 25 जस भजन मंडली व झांकी मंडलियों के चलित प्रस्तुतियों एवं 2 रथनुमा वाहनों में सवार कुँवारी माता व डामेश्वरी माता के साथ 4 अन्य वाहनों में देवी देवताओं व ग्राम सरहदों के प्रतीकों की झाँकी निकाली गई। इनमें ग्राम्य अंचल की मान्यताओं वाली शीतला माता के अलावा, बघरन पाठ, घटोरिया देव, भैंसासुर, बूढ़ी माई, धुकी माता, सहाड़ा देव, बघधरा, परेतिन दाई सहित अनेक ग्राम्य मान्यता के प्रतीक, निशान, बैरग व बाना पताका सुशोभित थे। यात्रा नगर के कालेज रोड स्थित शीतला मंदिर से निकलकर मेनरोड होते हुए चंडी मंदिर में कुँवारी माता व डामेश्वरी माता द्वारा पूजन उपरांत किलापारा शीतला मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, बरगांव शीतला मंदिर, नवगांव शीतला मंदिर व जामसरार शीतला मंदिर होते हुए मनेरी स्थित शीतला मंदिर में जाकर विसर्जित हुई। इस दरम्यान रात्रि में भजन सम्राट विवेक शर्मा की प्रस्तुति के साथ यात्रा के प्रथम चरण का समापन हुआ। यात्रा में विधायक की धर्मपत्नी, जयश्री साहू, भावेश सिंह, हीरा निषाद, ललित लोढ़ा, सुयश नाहटा, गुलाब वर्मा, चेतन साहू, बलीराम साहू, संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, वीरेंद्र बोरकर, सतीश वैष्णव, वैशाली बोरकर, पुष्पदेवी यदु, रुकमणी साहू, रोशन यदु, अरुणा देवांगन सहित नगरवासी व अंचलवासी हजारों की संख्या में शामिल थे। नगर में यात्रा दौरान स्थानीय व्यापारी व नागरिकों के अलावा स्वस्फूर्त पहुंचे आसपास के ग्रामीणजन तथा राहगीर भी अपने वाहन रोककर कुँवारी माता व डामेश्वरी माता के दर्शन तथा चढ़ावा भेंट करने लगे। इस दरम्यान नगर के मेनरोड में लगभग एक घण्टे तक स्टेटहाइवे में जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

# विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद में 290 खिलाड़ियों ने भाग लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मगरलोड 20 अक्टूबर।** जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत विकासखंड मगरलोड में लगभग 290 बालिकाएं खिलाड़ियों ने भाग लिया,जिसका उद्घाटन इंद्रप्रस्थ क्रीडा स्टेडियम भैंसमुंडी, मगरलोड में किया गया। इसके मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, श्रीमती दुर्गा अश्वनी साहू पार्षद भैसमुंडी मगरलोड, श्री दिनेश कुमार साहू पार्षद भैसमुंडी, सत्य नारायण साहू पार्षद भैसमुंडी, श्री रोहित कुमार बोर्झा सीईओ जनपद पंचायत मगरलोड, श्री एम के ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी मगरलोड इत्यादि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 9 से 18 आयु वर्ग की और 18 से 35 आयु वर्ग की महिलाओं के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ में कुमारी देवीका ध्रुव और सोमलता कंवर प्रथम स्थान हासिल की और 18 से 35 आयु वर्ग में नूरजहां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 400 मीटर दौड़ में सोमलता कंवर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तवा फेक में हेमलता भारती करेली बड़ी, दामिन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बैडमिंटन में मनीषा सिंगल टेमिन और गुनीता डबल्स में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही 18 से अधिक आयु वर्ग मे नरगिस सिंगल सानिया नूर जहां डबल्स में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं बास्केटबॉल टीम में सरगी प्रथम स्थान हासिल किया। कुश्ती 50 किलोग्राम में कुमारी मनीषा, 53 किलोग्राम में कुंमारी गुंजा और 18 से 35 आयु वर्ग में उमा साहू व लोमेशवरी निषाद 53 किग्रा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में कुमारी गायत्री व साथी सरगी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# अवैध शराब बिक्री रोकने पुलिस सख्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 20 अक्टूबर।** धर्मनगरी में शराब कोचियों के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्यवाही के बाद भी आदतन शराब कोचिया फिर भी धड़ल्ले से बिक्री कर रहा था और शिकायत के बाद पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी आशीष कुंजाम के आदेश व थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों/तस्करों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में 18 अक्टूबर 2024 को रात्रि में डोंगरगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिला कि रवि शेण्डे नाम के व्यक्ति बस स्टैण्ड डोंगरगढ़ के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पंहूचकर आरोपी रवि शेण्डे पिता स्व0 धनीराम शेण्डे उम्र- 28 साल साकिन भीमनगर वार्ड न0- 09 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को अवैध शराब बिक्री करते हुये कुल 35 पौवा शोले प्लेन देशी शराब कुल मात्रा- 6.300 बल्क लीटर किमतती- 3150/-रू0 बिक्री रकम 1250/-रू0 एवं एक मोटर सायकल होण्डा एसपी साईन किमती- 50000/-रू0 जुमला किमती- 54400/-रू0 के साथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपी आतदन अपराधी है इसके पूर्व आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में 10 प्रकरण आबकारी अधिनियम का दर्ज है। आगे भी डोंगरगढ़ पुलिस का अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि गणेश चौहान, आरक्षक राजेन्द्र साहू, लीलाधर मण्डलोई, अजय पाटजले का विशेष योगदान रहा है।




## विजया किशोर रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त



**रायपुर 20 अक्टूबर।** श्रीमती रहाटकर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों में नेतृत्व का निर्वहन कर चुकी हैं । महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग (2016-2021) की अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने सक्षमा (एसिड पीड़ितों की मदद), प्रज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना), और सुहिता (महिलाओं के लिए 24×7 हेल्पलाइन सेवा) जैसी पहलों को प्रमखुता से आगे बढ़ाया। उन्होंने पॉक्सो, ट्रिपल तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू किए और महिलाओं के मुद्दों को समर्पित साद नामक एक प्रकाशन शुरू किया। 2007 से 2010 तक छत्रपति संभाजीनगर की मेयर के रूप में श्रीमती रहाटकर ने स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को लागू किया। श्रीमती रहाटकर ने पुणे विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक की डिग्री और इतिहास में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें विधिलिखित (महिलाओं के कानूनी मुद्दों पर) और औरंगाबाद लीडिंग टू वाइड रोड्स शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण में किए गए उनके योगदान को देखते हुए उन्हें नेशनल लॉ अवार्ड और राष्ट्रीय साहित्यिक परिषद से सावित्रीबाई फुले पुरस्कार सहित कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

समाचार संक्षेप

## जिले भर में एमसीपी लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**राजनांदगांव 20 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 19/10/2024 को रात्रि 08 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

## इंदिरा गांधी कृषि विवि ने लहराया राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम



**रायपुर, 20 अक्टूबर ।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ''स्पेशल जूरी रिकगनिशन अवार्ड'' से सम्मानित किया गया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को यह सम्मान फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन चौंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफ.आई.सी.सी.आई.) द्वारा अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में 18 से 19 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित ''19वीं उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन'' में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिटेन की उच्चायुक्त सुश्री लिण्डी केमरान के करकमलों द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के कुशल मार्गदशन में विगत दो वर्षां में धान जनन द्रव्य संरक्षण, जैव विविधता एवं संबंधित उत्पादों पर अनुसंधान हेतु एवं उत्पादों के उपभोग के प्रति आम जनों तक जागरूकता लाने के संबंध में किये गये उल्लेखनीय कार्यां को दृष्टिगत रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है। एफ.आई.सी.सी.आई. द्वारा आयोजित 19वीं उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों ने भाग लिया जिसमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड, स्पेन तथा अफ्रिकी देश घाना के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिटेन की उच्चायुक्त सुश्री लिण्डी केमरान थीं। जो स्वयं भी एक शिक्षाविद हैं तथा समाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्राख्यात हैं। गौरतलब है कि इस अवार्ड हेतु देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षकिण संस्थाओं द्वारा एफ.आई.सी.सी.आई. के जूरी के समक्ष किये गये कार्यां का प्रदर्शन किया गया था, जिसमें जूरी ने अपना निर्णय देते हुये इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में स्पेशल जूरी रिकगनिशन अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड मिलने से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हुई है।

# कबीर साहब ने हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी: अंबिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 20 अक्टूबर।** पनिका समाज बेलर क्षेत्र के कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई जहां पर उनका सामाजिक बंधुओं के द्वारा आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया, साथ ही समाज के द्वारा विकास कार्यो के लिए मांग पत्र सौंपा गया इस बीच अंबिका मरकाम ने कहा कि पनिका समाज के लोग कबीर साहब के अनुयाई हैं उनके द्वारा बताए गए सत्य के मार्ग पर चलने वाले समाज है, कबीर दास जी हमारे भारतीय इतिहास के एक महान कवि थे, जिन्होंने भक्ति काल में जन्म लिया और ऐसी अद्भुत रचनाएँ की, कि वे अमर हो गए। उन्होंने हमेशा सत्य के मार्ग में चलकर सभी को एक समान नजरिया से देखने पर बल दिया, विधायक ने आगे कहा कि समाज को एकजुट होकर समाज को शिक्षित करने में अहम योगदान देकर आज के युग में कदम से कदम मिलाकर अन्य समाज के साथ मिलकर चलने की जरूरत है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाई जा सके साथ ही विधायक ने समाज के मांग को तत्काल पूरा करने के लिए सामाजिक बन्धुओं को आस्वस्त किया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी दुव्वा लाल देवांगन, भानेंद्र ठाकुर, भूषण लाल साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी आसकरण पटेल, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन व समाज की माताएं उपस्थिति रही।

# नगरवासियों के लिए निगम बना प्रताड़ना का केन्द्र:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 20 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम द्वारा राजनांदगांव के नागरिकों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। कभी निजी टैक्स वसूली ठेका पर देकर ठेकेदार के आदमियों से नागरिकों के घरों में बिना अनुमति अंदर जाकर नगर निगम की धौस दिखाकर नाप करना और संपत्तिकर को दो से तीन गुना बढ़ाने का काम करना तो कभी स्वनिर्धारण के नाम पर नियम विरूद्ध पटाए गए टैक्स मालिकों के उपर पूर्व वर्ष का अतिरिक्त टैक्स (शुल्क) निकालकर पांच गुना अर्थदंड लगाकर राजनांदगांव शहर के नागरिकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का काम भाजपा सरकार आते ही नगर निगम प्रशासन कर रहा है। नगर निगम अब शहर की जनता के लिए प्रताड़ना निगम बन गया है। उक्त बातें वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में कही।

श्री छाबड़ा ने कहा कि निगम आयुक्त द्वारा शहर के 584 मकान मालिकों को अर्थदंड पटाने हेतु नोटिस भेजा गया है, और नोटिस में तारीख भी नहीं डाला गया है। इसका एक उदाहरण है अशोक बाफना, राजकुमार, उत्तम चंद, केसरीमल बाफना के द्वारा वर्ष 2024 टैक्स जितना नगर निगम द्वारा निर्धारण कर मांगा गया था उतना ही इनके द्वारा पूरा टैक्स 2023-24 का दिनांक 24 जनवरी 2024 को 15323 रूपए जमा दिया गया है। उसके बाद वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष अंतर राशि 7496 रूपए वर्तमान में गुगल अर्थ एप से निकाली गई है बताकर पिछले वर्ष की अंतर राशि 7496 का पांच गुना अर्थदंड 37480 रूपए अतिरिक्त पटाने हेतु एक सप्ताह पूर्व नोटिस देकर 37480 पटाने हेतु कहा गया है। इसी तरह शहर के 584 मकान मालिकों को पटाएं गए, पटाने वाले टैक्स की अंतर राशि नियम विरूद्ध निकालकर जनता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आर्थिक बोझ दिया जा रहा है और टैक्स पटाने के बाद भी नागरिकों भुगतान नहीं किया गया है बताया जा रहा है। जबकि गुगल अर्थ एप, जीपीएस नगर निगम में मान्य नहीं है। गुगल अर्थ एप और जीपीएस से नापकर टैक्स लेने के संबंध में कोई विषय सामान्य सभा में नहीं आया है। श्री वरिष्ठ पार्षद श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव के विधायक डा.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में आम जनता परेशान और प्रताड़ित हो रही है। नगर निगम आयुक्त सत्ता सरकार के इशारे पर राजनांदगांव की जनता को प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। नियम विरूद्ध अंतर की राशि पिछले वर्ष की इस वर्ष बिना निगम वार्ड के मोर्हेरिर से नाप के निकलवाएं बगैर निकालना गलत है और इसके जिम्मेदार नगर निगम के आयुक्त है। यह लापरवाही निगम आयुक्त की है इनके द्वारा वर्तमान वर्ष से यदि कोई संपत्ति का बढ़ा हुआ टैक्स आता है तो उसे नाप कराकर लेना चाहिए। बिना नाप जोख के गुगल अर्थ एप के नाम पर निगम आयुक्त का जनता में अर्थदंड की वसूली स्वनिर्धारण के नाम करना पूर्णतः गलत है। इस तरह शहर के नागरिकों को नियम विरूद्ध भेजे गए अंतर की राशि वसूली के नोटिस के जवाबदार खुद निगम आयुक्त है और नगर निगम आयुक्त पर कार्यवाही जरूर होना चाहिए ताकि यह नागरिकों को परेशान करने के इरादे छोड़ दें। इस तरह यह आगे जाकर पूरे शहर के घरों के नाप शुरू करके भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जहां वाजिब टैक्स होता है वहां लिये जाने में एतराज नहीं है। किन्तु इस तरीके से नोटिस भेजकर भ्रष्टाचार की दुकानदारी खोलने का काम निगम आयुक्त करवा रहे हैं। निगम को पता है कि नोटिस मिलने पर लोग संपर्क करेंगे फिर वहीं से निगम में भ्रष्टाचार और जनता को प्रताड़ित करने का काम शुरू हो जाता है। श्री छाबड़ा ने कमिशनर को पत्र लिखकर कड़े शब्दों में कहा कि 584 मकान मालिकों को भेजे गए नोटिस को निरस्त कर जो नियमानुसार हो उसे वर्तमान वर्ष से लिया जाए, किन्तु हिटलरशाही से पिछले वर्ष का निकालकर पांच गुना अर्थदंड की राशि की नोटिस भेजना के इस नियम विरूद्ध कार्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोटिस वापस नहीं लेने पर निगम आयुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन तथा कांग्रेस के वरिष्ठजनों को जानकारी देकर विधानसभा के माध्यम से सत्ता सरकार के इशारे पर हो रहे नियम विरूद्ध कार्य को बंद कर जनता को राहत देने की मांग की जाएगी।

# नवा बिहान के तहत सायबर जागरूकता पखवाड़ा मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 अक्टूबर।** 5 से 19 अक्टूबर तक संपूर्ण राजनांदगांव जिले में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के मंशानुरूप सायबर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सायबर एवं नशे के विरूद्ध समस्त थाना/चौकी क्षेत्र के हाट बाजार, मेला स्थल, पूजा पण्डाल, गरबा पण्डाल, दशहरा मैदान, स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य सामाजिक स्थानों में राजनांदगांव पुलिस के द्वारा स्पीच देकर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, होडिंग/पोस्टर लगाकर एवं पाम्पलेट बांट कर, एल.ई.डी. वाल पर सायबर जागरूकता के संबंध में प्रजेंटेशन एवं सायबर जागरूकता रथ चलाकर लोगों को सायबर अपराध के बारे में एवं उनसे बचने के उपाय




जिसमें हेल्पलाईन नम्बर 1930 और सायबर पोर्टल का जोरसोर से प्रचार प्रासर किया गया। ''नवा बिहान के के तहत सायबर जन-जागरूकत पखवाड़ा अभियान एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान में अब तक करीबन 01 लाख से अधिक लोगों को स्पीच, होडिंग/पोस्टर पाम्पलेट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया गया जागरूक।

## काजोल ने की दो पत्ती के ट्रेलर लॉन्च पर शहीर की तारीफ

कृति सैनन, काजोल और शाहिर शेख अभिनीत फिल्म ₹दो पत्ती₹ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है, और इसने दर्शकों को उत्साहित और उत्सुक कर दिया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित यह फिल्म ट्विस्ट और टर्न से भरी एक दमदार ड्रामा का वादा करती है। ट्रेलर का मुख्य आकर्षण शहीर के किरदार ध्रुव सूद और कृति सैनन द्वारा निभाई गई जुड़वां बहनों के बीच का रोमांस है। इस बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लॉन्च पर, भारतीय सिनेमा की आइकन काजोल ने अपने सह-कलाकार शहीर शेख की जमकर तारीफ की। उन्होंने शहीर के बेहतरीन प्रदर्शन पर रोशनी डालते हुए कहा, "और मैं शहीर के बारे में एक बात कहना चाहूंगी, कि आपने ट्रेलर देखा है, तो आप सोच रहे होंगे, क्या वह ब्लैक किरदार निभा रहा है? क्या वह व्हाइट किरदार निभा रहा है? मेरा मतलब है, वह वास्तव में क्या खेल रहा है? मैं बस आपको बताना चाहती हूं कि वह दिखने में, वह इतना अच्छा लड़का है, चॉकलेट बॉय है। लेकिन मुझे कहना होगा, कि उसने दोनों पक्षों को बहुत, बहुत अच्छे से निभाया है, उसने फिल्म में वह संतुलन बहुत, बहुत अच्छे से साधा है। और अगर मैंने तुम्हें पहले यह नहीं कहा था, शहीर, तो अब कह रही हूँ, बहुत अच्छा काम किया।



## प्रशंसा से लेकर सहयोग तक, विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ मिलकर काम किया

विद्या बालन, जो अपनी दमदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं, ने हमेशा माधुरी दीक्षित की प्रशंसा की है। छोटी उम्र में ही वह ₹तेज़ाबर₹ के मशहूर डांस नंबर ₹एक दो तीन₹ से मंत्रमुग्ध हो गई थीं, जिसने उनके अभिनेत्री बनने के सपने को जन्म दिया। अब, किस्मत के अद्भुत मोड़ में, विद्या का जीवन पूरा चक्र पूरा कर चुका है। वह आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 में माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन साझा करने वाली हैं। कई इंटरव्यू में विद्या ने माधुरी के प्रति अपने प्यार को व्यक्त किया है, उन्होंने कहा, "मैंने माधुरी दीक्षित को 'एक दो तीन' में देखा और मुझे प्यार हो गया।" अब, वर्षों बाद, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित एक साथ ₹भूल भुलैया 3₹ में दिखाई देंगी, जो विद्या के लिए एक सपना सच होने जैसा है। दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। ट्रेलर में आए इस चौंकाने वाले ट्विस्ट ने दर्शकों को थोड़ा भ्रमित जरूर किया है, लेकिन उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। हालांकि माधुरी के किरदार की सटीक जानकारी अभी तक रहस्य बनी हुई है, लेकिन उनकी उपस्थिति ने कहानी में रोमांच का एक नया स्तर जोड़ दिया है।




## आशुतोष गोवारिकर को फिर से अभिनेता के अवतार में देखना एक खुशी थी

'मनवत मर्डर्स', जिसमें आशुतोष गोवारिकर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, को प्रशंसकों और आलोचकों से बेहद सकारात्मक समीक्षाएं मिल रही हैं। आशुतोष द्वारा वास्तविक जीवन के डीसीपी रमाकांत कुलकर्णी की भूमिका निभाने ने मनोरंजन उद्योग में हलचल मचा दी है, और उनकी तारीफें लगातार आ रही हैं। उनकी सराहना करने वालों में अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर भी शामिल हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रशंसा साझा करते हुए लिखा, ₹इसे देखकर वाकई बहुत मजा आया। आशुतोष का प्रदर्शन पुलिस अधिकारी के एक नए प्रोटोटाइप को सामने लाया है, जिसमें गुस्से और संयम के बीच की बारीकियों को बेहद प्रभावी ढंग से पेश किया गया है। इस शो ने हर तरह के दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिससे यह साबित हो गया है कि वह केवल एक फिल्म निर्माता ही नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली अभिनेता भी हैं। यह पहली बार नहीं है जब उनके अभिनय ने छाप छोड़ी है; 'मनवत मर्डर्स' से पहले भी उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'वेंटिलेटर' और नेटफ्लिक्स शो 'काला पानी' में अपने अभिनय कौशल का परिचय दिया था।




## म्यूजिक ने मिला दी जोड़ी! डीजे योगी ने चारु सेमवाल से दिल्ली में की शादी

संगीत लोगों को जोड़ने के लिए जाना जाता है, लेकिन डीजे योगी के लिए यह जीवन भर का रिश्ता बन गया क्योंकि संगीत के माध्यम से उनकी मुलाकात चारु सेमवाल से हुई और हाल ही में, उन्होंने दिल्ली में शादी कर ली। जहां योगी आज भारत के अग्रणी डीजे में से एक हैं, वहीं चारू इंडियन आइडल फाइनलिस्ट हैं । यह सब कैसे शुरू हुआ, इस बारे में बात करते हुए, योगी ने बताया कि उन्होंने एक गाने का रीमेक बनाने के लिए चारु से संपर्क किया था, जिसे मूल रूप से चारु ने गाया था। इसके बाद उनकी पहली मुलाकात मुंबई में उनके एक शो के दौरान हुई। "वहीं हमने नंबर एक्सचेंज किए और हमारी बातचीत शुरू हो गई। बातचीत कुछ इस तरह शुरू हुई कि हमारे शो कैसे हुए और धीरे-धीरे रिश्ता विकसित हुआ और हमें कभी पता नहीं चला कि कब और कैसे, यह बस हो गया, "वह कहते हैं। योगी ने साझा किया कि वह और उनकी दुल्हन फूड और ट्रैवल के प्रति अपने साझा प्रेम से जुड़े हुए हैं। "लेकिन हमारा सबसे बड़ा जुड़ाव का प्वाइंट संगीत के प्रति हमारा प्यार था। मेरे मन में कोई संदेह नहीं था कि मैं उससे शादी करना चाहता था और आज, हम यहां खड़े हैं, अपना शेष जीवन एक साथ जीने के लिए पूरी तरह तैयार हैं," उन्होंने निष्कर्ष



## रील से रियल तक: विद्या बालन का मेथड ड्रेसिंग का अनोखा अंदाज़

विद्या बालन को लंबे समय से उनकी परिवर्तनशील भूमिकाओं और अपने किरदारों में जान डालने की क्षमता के लिए सराहा जाता है। जो



उन्हें और खास बनाता है, वह है प्रचार के दौरान उनके मेथड ड्रेसिंग के प्रति समर्पण। यह एक ऐसा तरीका है जिसमें वह अपने किरदार की प्रामाणिकता बढ़ाने के लिए बहुत ध्यान से अपने ड्रेस चुनती हैं। इस समर्पण ने उनके किरदारों को न केवल अविस्मरणीय बना दिया है बल्कि भारतीय सिनेमा में फिल्म प्रचार के लिए एक नई मिसाल भी कायम की है, जैसा कि उनकी नई फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया, जहां वह काली साड़ियों और आउटफिट्स में नजर आईं। हालांकि, विद्या बालन की मेथड ड्रेसिंग कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित फिल्मों के प्रचार के दौरान अपने किरदारों को निखारने के लिए अपने ड्रेस का इस्तेमाल किया है, जिससे उनके रियल और रील जीवन के बीच की सीमाएं और धुंधली हो गई हैं।

## अभिनेत्रियों ने अपने व्यायाम के दौरान शीर्षासन के जरिए खुद को रखा फिट

बॉलीवुड अभिनेत्रियां हमेशा से आम जनता की इंस्पिरेशन रही हैं , ऐसे कई अभिनेत्रियों ने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी योगा करते हुए वीडियो साझा कर लोगों को इन्स्पायर किया है । आयेगी नजर डालते हैं ऐसी कुछ अभिनेत्रियों पर जो अब लोगों की इंस्पिरेशन बन चुकी हैं। प्यार का पंचनामा फेम सोनाली सेगल ने तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने अपनी गर्भावस्था के दौरान हेडस्टैंड करते हुए खुद के वीडियो साझा किए। योगा प्रेमी सोनाली ने हमेशा योगा के माध्यम से माइंडफुलनेस और बॉडी कंट्रोल के महत्व पर जोर दिया है। अपनी गर्भावस्था के दौरान, वह अपनी प्रभावशाली ताकत और संतुलित फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए शीर्षासन का अभ्यास जारी रखती हैं। उनके पोस्ट ने गर्भवती माताओं को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया, और उन्हें याद दिलाया कि गर्भावस्था से उनकी फिजिकल और मेंटल वेलनेस बनाए रखने की क्षमता में बाधा नहीं आती है।



## सनी देओल के जन्मदिन के मौके पर बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म जाट का पोस्टर जारी

आज का दिन खास है क्योंकि हम एक्शन के लीजेंड सनी देओल का जन्मदिन मना रहे हैं और इसी मौके पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म ₹जाट₹ का पहला पोस्टर और आधिकारिक टाइटल जारी किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है और इसे माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने प्रोड्यूस किया है। ₹जाट₹ एक ऐसा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। आज रिलीज़ हुए फर्स्ट लुक पोस्टर में सनी देओल एक दमदार और इंटेंस अवतार में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ है कि यह फिल्म भरपूर एक्शन और ड्रामा से भरी होगी। फिल्म के एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स इस जॉनर को एक नई दिशा देंगे। सनी देओल, जो अपनी शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, गोपीचंद मलिनेनी के साथ काम कर रहे हैं। मलिनेनी को इंटेंस एक्शन और दिलचस्प कहानियों को जोड़ने के लिए जाना जाता है, और यह सहयोग दर्शकों के लिए एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव लेकर आएगा।जाट में रणदीप हुड्डा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसे सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो फिल्म को गहराई और दमखम प्रदान करेंगे।




## कशिका कपूर AGMP को बॉलीवुड डेब्यू फिल्म के रूप में चुना

बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा है, बल्कि एक उभरते हुए नए सितारे को भी दुनिया के सामने पेश किया है: कशिका कपूर। जनरेशन Z अभिनेत्री ने ग्रामीण भारत की गीता के किरदार को इतनी सजीवता से निभाया कि क्रिटिक्स और दर्शकों ने उनके शानदार अभिनय की सराहना की। शहरी पृष्ठभूमि से आने के बावजूद, कशिका ने एक मजबूत और दृढ़ गांव की लड़की का किरदार इस कदर विश्वसनीय तरीके से निभाया कि सभी उनके अभिनय कौशल से प्रभावित हो गए। फिल्म 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' के भव्य प्रीमियर में आलोचक और दर्शक कशिका के प्रदर्शन से बहुत प्रभावित हुए। अभिनेत्री कहती है, ₹मीडिया और दर्शकों से मुझे जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए मैं सच में बहुत आभारी हूं। यह देखना अद्भुत है कि लोग फिल्म और मेरे किरदार से कैसे जुड़ रहे हैं। यह देखकर खुशी हो रही है कि एक Gen -z अभिनेत्री के रूप में मैंने ग्रामीण किरदार को इतनी गहराई और सच्चाई से निभाया है। दर्शकों की प्रतिक्रिया और प्यार देखकर मुझे पूरा यकीन है कि मैंने किरदार को पूरी तरह से न्याय दिया है.



## इस दिवाली बॉलीवुड की फैशन आइकन जॉर्जिया एंड्रियानी से लें 3 स्टाइलिश लुक्स की प्रेरणा

जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी स्टाइलिश और एलीगेंट फैशन चॉइस के लिए जानी जाती हैं, जो ट्रेडिशनल और मॉडर्न एलिमेंट्स को बड़े ही खूबसूरती से जोड़ती हैं। इस दिवाली, आप उनके शानदार आउटफिट्स से प्रेरणा ले सकते हैं, जो पारंपरिक लहंगे से लेकर फ्यूजन स्टाइल तक फैले हैं। चाहे आपको क्लासिक लुक पसंद हो या मॉडर्न टच के साथ कुछ नया, जॉर्जिया के वॉर्डरोब में हर पसंद के लिए कुछ न कुछ खास है। आइए देखते हैं जॉर्जिया के 3 शानदार देसी लुक्स जो इस दिवाली आपको सबकी नजरों में ला देंगे। जॉर्जिया का पहला लुक बेहद एलीगेंट है, जिसमें उन्होंने एक चमचमाते लहंगे को पहना है जो रोशनी में दमक रहा है। इस लहंगे के साथ एक खूबसूरत नेट की कढ़ाईदार दुपट्टा है, जो इसे एक शानदार टच देता है। उनका बिना बाजू वाला चोली इस ट्रेडिशनल लुक में मॉडर्न ट्विस्ट लाता है। जॉर्जिया ने ग्लॉसी मेकअप और मिनिमल डायमंड जूलरी के साथ इस लुक को पूरा किया, जो किसी भी रात की दिवाली पार्टी के लिए परफेक्ट है।



## इस शुक्रवार, ज़ी अनमोल सिनेमा पर पहली बार आ रही है जबर्दस्त मनोरंजक थ्रिलर 'मंगलवार'

जब सस्पेंस और रोमांच का संगम होता है तो दर्शकों के लिए एक शानदार मनोरंजन निकलकर सामने आता है। और फिल्म 'मंगलवार' इस कसौटी पर पूरी तरह खरी उतरती है। कहानी कहने के अपने दमदार अंदाज के लिए, मशहूर अजय भूपति के निर्देशन में बनी यह फिल्म स्क्रीन पर एक ताजातरीन और बेहद दिलचस्प कहानी पेश करती है, और अपनी सभी रोमांचक खूबियों को बड़े असरदार तरीके से दिखाती है। ज़ी अनमोल सिनेमा इस शुक्रवार, 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे शानदार अदाकारा पायल राजपूत, नंदिता स्वेता और अजय घोष अभिनीत बहुप्रशंसित और रोमांचक फिल्म 'मंगलवार' के प्रीमियर के साथ आपकी फैमिली वॉच लिस्ट को पूरा करेगा। इस फिल्म के ज़ी अनमोल सिनेमा प्रीमियर को लेकर पायल राजपूत ने कहा, ₹एक कलाकार के तौर पर 'मंगलवार' में काम करना एक बेमिसाल सफर रहा है। ये कहानी बेहद दिलचस्प है और इसे रोमांचक बनाने के लिए पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। मुझे याद है कि जब निर्देशक अजय भूपति सर कहानी सुना रहे थे तो मैं सिहर उठी थी। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग करना मुश्किल था, लेकिन मेरे दिमाग में यह बात साफ थी कि मैं इसमें अपना सबकुछ झोंक दूंगी।




## टाइगर श्रॉफ रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' में एसीपी सत्य के रूप में धमाकेदार एंट्री करने के लिए तैयार हैं!

रोहित शेट्टी की निर्देशन में बनी फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें बॉलीवुड के एक्शन सेंसेशन टाइगर श्रॉफ शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में डेब्यू कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ के फैंस, जिन्हें प्यार से टाइगरियन कहा जाता है, उनके सुपरकॉप अवतार को देखकर उत्साहित हैं। 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। इस दिवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' से टाइगर श्रॉफ के फैंस को बहुत उम्मीदें हैं। टाइगर श्रॉफ का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड और एक्शन फिल्मों में उनकी सफलता को देखते हुए, यह फिल्म भी दर्शकों को खूब मनोरंजन करने वाली है। टाइगर श्रॉफ जल्द ही अपनी हिट फ्रैंचाइजी 'बागी' की चौथी किस्त लेकर आने वाले हैं, जो अगले साल रिलीज होगी।



## गीतांजलि मिश्रा ने बताया- एक्टर आलोक नाथ ने दिया मुझे अभिनेत्री बनने का आत्मविश्वास!

'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश के रूप में मशहूर गीतांजलि मिश्रा ने हाल ही में अभिनय की दुनिया में आने के अपने रोमांचक सफर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे किस्मत उन्हें इस फील्ड में लेकर आई, जिसके बारे में उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली गीतांजलि ने कभी कल्पना नहीं की थी कि वह कैमरे के सामने आयेंगी और ऐक्टिंग को अपना कॅरियर बनायेंगी। उनकी असली इच्छा तो कुछ और ही थी, लेकिन शायद किस्मत को यही मंजूर था। राम बारात में भाग लेने के लिये हाल ही में आगरा पहुंची गीतांजलि ने बताया, ''अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, मैं एक कॉस्मेटिक कंसल्टेंट बनना चाहती थी। लेकिन तकदीर ने मेरे लिये कुछ और ही सोच रखा था। मैं मुंबई में जिस बिल्डिंग में रहती थी, उसमें एक महिला भी रहती थी, जो टीवी में काम करती थी। हम अच्छे दोस्त बन गये थे और एक दिन उसने मुझसे पूछा कि वह जिस शो में काम कर रही है, क्या उससे डॉक्टर का रोल निभाने के लिये मैं किसी को रिकमेंड कर सकती हूं। मैंने एक लड़की के नाम का सुझाव दिया, लेकिन शूटिंग के दिन वह नजर ही नहीं आई।



## क्या बानी उसे बचाने के लिए गलत कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगी?

सोनी सब के 'बादल पे पांव हैं' में बानी (अमनदीप सिद्धू) की कहानी दिखाई गई है, जो एक दृढ़ निश्चयी और महत्वाकांक्षी लड़की है। वह आर्थिक तंगी के बावजूद अपने परिवार की जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश करती है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने खन्ना परिवार पर मंडराते खतरे को देखा, जब रजत (आकाश आहूजा) को गलत तरीके से हत्या की कोशिश के आरोप में जेल ले जाया गया। आगामी एपिसोड में बानी पर दबाव बढ़ता जा रहा है, क्योंकि रजत जेल में लगातार परेशान हो रहा है। उसकी तबीयत बिगड़ रही है। पुलिस उस पर अपराध कबूल करने का दबाव बना रही है। आर्थिक तंगी और पारिवारिक तनाव बढ़ने के साथ ही बानी रजत को बचाने के लिए बेताब हो जाती है। 10 लाख रुपये की जमानत हासिल करने की असफल कोशिशों के बाद, जिसमें साहूकार बलवंत और बग्गा का इनकार भी शामिल है, बानी आखिरकार रजत के प्रति अपने प्यार और उसकी स्थिति की गंभीरता से प्रेरित होकर एक अवैध व्यापार गतिविधि में शामिल होने के लिए सहमत हो जाती है।



## कलाकारों ने बताये धनतेरस के अपने शॉपिंग प्लांस!

धनतेरस के शुभ अवसर पर, लोग नई चीजें खरीद कर सौभाग्य और समृद्धि का स्वागत करते हैं। इस दिन के महत्व पर चर्चा करते हुए, एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने अपने सेलीब्रेशन प्लांस के बारे में बताया। इनमें नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा), और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) शामिल हैं। 'अटल' में कृष्णा देवी का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''धनतेरस हमारे घर में बहुत उत्साह और सकारात्मकता लेकर आता है। हम साल भर इस दिन का इंतज़ार करते हैं, क्योंकि यह दीवाली की शुरुआत को दर्शाता है, जो अपने परिवार के लोगों के साथ जश्न मनाने और समृद्धि का स्वागत करने का समय है। मेरे लिए, धनतेरस केवल खरीदारी का दिन नहीं है, बल्कि परंपरा का सम्मान करने और त्योहार की भावना को अपनाने का अवसर है। इस साल, मैं कुछ खास चीजें खरीदने की योजना बना रही हूँ, जिसमें एक सोने का सिक्का शामिल है, जो धन और अच्छे भाग्य का प्रतीक है। मैं अपने घर के लिए कुछ खास खरीदना चाहती हूँ, जैसे कि नए बर्तन, क्योंकि ऐसा माना जाता है.



## कशिका कपूर 'पुष्पाः द राइज' के सह-निर्देशक पवन केथाराजु की 'लव यू फादर' के साथ कर रही है अपना टॉलीवुड डेब्यू

बॉलीवुड डेब्यू के बाद, 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' की अभिनेत्री कशिका कपूर टॉलीवुड इंडस्ट्री में 'लव यू फादर' के साथ कदम रखने जा रही हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' के सह-निर्देशक पवन केथाराजु द्वारा निर्देशित है। कशिका कपूर अब दोनों इंडस्ट्रीज़ में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं और वह इस समय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की सबसे होनहार उभरती सितारों में से एक के रूप में पहचानी जा रही हैं। 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास', जो लड़कियों की शिक्षा के संदेश पर आधारित है, से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद, कशिका अब अपनी नई फिल्म 'लव यू फादर' के साथ टॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। 'लव यू फादर' एक भावनात्मक कहानी है जो एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को दर्शाती है। इस फिल्म में कशिका मुख्य भूमिका में होंगी, और उनके साथ श्री हर्षा मुख्य पुरुष किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा, नवाब शाह, जिन्हें 'डॉन 2' और 'दिलवाले' में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। नवाब शाह की उपस्थिति इस प्रोजेक्ट को और भी प्रभावशाली बनाती है। फिल्म की कहानी एक पिता-पुत्र की जोड़ी पर आधारित है, जहां एक पिता अपने बेटे के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की कोशिश करता है। यह पूरी कहानी काशी की पृष्ठभूमि में घटित होती है और इसमें शिवा के आदर्श को प्रस्तुत करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। फिल्म में एस.पी. चरण, रघु बाबू, शकलाका शंकर और अर्जुन श्रीवास्तव जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## गुलकी जोशी प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारी हसीना मलिक के रूप में सोनी सब के वागले की दुनिया में प्रवेश करती हैं

सोनी सब के 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से' में मशहूर शो 'मैडम सर' की मशहूर पुलिस अधिकारी हसीना मलिक के रूप में गुलकी जोशी की एंट्री होने वाली है। हसीना मलिक के प्रशंसक लंबे समय से उनकी निडर भावना, बुद्धिमत्ता और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को पसंद करते रहे हैं। बहुप्रतीक्षित कदम के तौर पर गुलकी का किरदार एक दिलों को झकझोर देने वाले मामले को संभालने के लिए लौटा है, जिसमें वह एक बार फिर अपने खास आकर्षण और दृढ़ संकल्प को पर्दे पर लेकर आई हैं। आगामी ट्रैक में सखी (चिन्मयी साल्वी) की दोस्त प्रियंका की आबरू पर हमला होता है और हसीना इस गंभीर मामले की जांच करती है। कहानी में महिलाओं की सुरक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। इसमें हसीना मलिक यह सुनिश्चित करने के लिए अभियान का नेतृत्व करती हैं कि दोषियों को सजा मिले। जब वागले परिवार और साईं दर्शन सोसायटी के सदस्य एकजुट होते हैं, तो ये दिल दहला देने वाला एपिसोड भावनात्मक रूप से चार्ज हो जाता है। हसीना मलिक सुनिश्चित करती है कि प्रियंका को इंसाफ मिले। वागले की दुनिया ने हमेशा प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों को उठाने और आम आदमी के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।



## ड्रामा और कॉमेडी से भरा सप्ताह!

एण्डटीवी के 'भीमा', 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर है' के आगामी एपिसोड्स ड्रामा और कॉमेडी से भरपूर होगा। एण्डटीवी के 'भीमा' में मेवा का किरदार निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''जब कैलाशा बुआ (नीता मोहिंद्रा) भीमा और उसके परिवार को परेशान करने के लिये उनका पानी बंद कर देती है, तब भीमा पानी जैसे बुनियादी अधिकार के लिए लड़ती है। उसकी इस लड़ाई से कैलाशा बुआ का पारा और भी चढ़ जाता है, जिससे वह भीमा के चाचा का अपहरण करवा देती है और उस पर आरोप लगाती है कि वह उनके घर से चोरी करके भागा है। जब भीमा को पता चलता है कि उसके चाचा लापता हैं, तो वह कैलाशा बुआ से सवाल-जवाब करती । कैलाशा इस पर उसे सजा देने के लिये भीमा की मां धनिया को अपमानित करती है।'' एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''सदा के पुलिस स्टेशन से भागने पर एक दरोगा उसका पीछा करता है और उस पर बंदूक से निशाना साधता है। अटल यह सब देखता है और हिम्मत दिखाते हुये फौरन बंदूर लेकर उसकी गोलियां निकाल देता है और खाली बंदूक दरोगा को वापस कर देता है। वह सदा से कहता है कि वह डरे नहीं और शांति एवं सदा को अपने साथ घर चलने के लिये कहता है।''



## सुजय रेऊ ने सोनी सब के श्रीमद् रामायण में श्री राम और उनके पुत्रों का आमने-सामने पर बात की

सोनी सब के श्रीमद रामायण ने पौराणिक महाकाव्य के अपने शक्तिशाली वर्णन के साथ दर्शकों को आ कांत करना जारी रखा है। इसमें सुजय रेऊ श्री राम की भूमिका निभा रहे हैं। हाल के एपिसोड में श्री राम और सीता (प्राची बंसल) के बेटे लव (शौर्य मंडोरिया) और कुश (अथर्व शर्मा) राक्षस मरकासुर को हराते हैं। इससे सीता के पिता राजा जनक (जितेन लालवानी) प्रभावित होते हैं, जो उस जंगल में होते हैं जहाँ सीता अपने बच्चों के साथ रहती हैं। आगामी एपिसोड में राजा जनक आश्रम में मिले लड़कों की असाधारण प्रतिभा पर विचार करते हुए मिथिला में एक तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। जैसे ही लव और कुश प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी करते हैं, श्री राम अश्वमेध यज्ञ की तैयारी करते हुए राजा जनक को यज्ञ के लिए आमंत्रित करने मिथिला जाते हैं। लव और कुश, जिन्होंने श्री राम की कथा सुनी है, उन्हें दूर से देखते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पिता-पुत्र आखिरकार मिलते हैं? क्या श्री राम और लव-कुश आखिरकार मिलेंगे या यह एक हिट-एंड-मिस होगा? श्रीमद रामायण में श्री राम की भूमिका निभाने वाले सुजय रेउ ने कहा,₹कहानी के इस हिस्से को इतना खास बनाने वाली बात यह है.




## कलाकारों के सस्टेनेबल फैशन सीक्रेट्स के साथ करें दिवाली की तैयारी

इस दिवाली, नए कपड़े खरीदने की जल्दबाजी करने के बजाय कुछ और अर्थपूर्ण अपनाएं, जैसे कि अपने पुराने कपड़ों को फिर से इस्तेमाल करें और नए अंदाज में स्टाइल करके पहनें! जब फास्ट फैशन हर जगह छाया हुआ है, तब ये देखकर सुकून मिलता है कि कैसे रचनात्मकता और भावना का मेल हमारी पुरानी वार्डरोब में नई जान डाल सकता है। यह न केवल एक सस्टेनेबल च्वॉइस है, बल्कि हमें अपने उन पसंदीदा कपड़ों की खूबसूरती को फिर से एक्सप्लोर करने का मौका भी देता है, जिनके साथ हमारी खास यादें जुड़ी हुई हैं। एण्डटीवी की प्रमुख अभिनेत्रियां बता रही हैं कि कैसे अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल कर दिवाली के लिए साधारण कपड़ों को कुछ खास बनाया जा सकता है। इन अभिनेत्रियों में शामिल हैं- नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह), और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी)। नेहा जोशी, जोकि 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, "मुझे अपने दिवाली आउटफिट्स को एक खास टच देना अच्छा लगता है। जैसे कि, मेरे पास एक मरून कॉटन साड़ी है, जिसे मैंने पिछले साल पहना था, और इस बार मैं इसे एक नए अंदाज में दिखाने के लिए हाल ही में खरीदे मस्टर्ड ब्लाउज़ के साथ पहनने वाली हूं।



## विदिशा श्रीवास्तव ने बताये करवा चौथ के लिये अपने खास प्लान्स!

विदिशा श्रीवास्तव को एण्डटीवी की कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभाने के कारण बड़ी लोकप्रियता मिली है। वह करवा चौथ मनाने के लिये बहुत रोमांचित नजर आ रही हैं। विदिशा ने बताया कि सायक पॉल से शादी होने के पहले से ही यह त्यौहार उनके लिये हमेशा खास रहा है। एक खास बातचीत में उन्होंने इस साल के करवा चौथ के लिये अपने प्लान्स बताये और यह भी बताया कि वह किस तरह से इस दिन को हर बार यादगार बनाती हैं। करवा चौथ का त्यौहार मुझे हमेशा से पसंद रहा है और इस साल मैंने उसे बहुत ही खास बनाने का फैसला किया है। इस बार मैं अपने पति की दुल्हन बनने जा रही हूँ। यह त्यौहार मुझे कई कारणों से पसंद है, जैसे कि इसमें खूबसूरत साड़ी पहनने का मौका मिलता है और मैं सोलर श्रृंगार करती हूं। मैं हर साल इस अवसर के लिये लाल रंग का एक अलग शेड चुनती हूं और उसकी शॉपिंग करने में मुझे बड़ा मजा आता है। लेकिन इस बार मैं अपनी शादी वाली साड़ी पहनूंगी, वह एक खूबसूरत लाल चुनरी है। मैं बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि मुझे दुल्हन के रूप में देखकर मेरे पति को कैसा लगेगा। करवा चौथ ही साल का ऐसा दिन होता है, जब महिलाएं अपने पति के लिये दुल्हन की तरह सजती-संवरती हैं और प्रेम के इस पर्व का उत्सव मनाती हैं।



# शिवपुराण कथा के आयोजन की तैयारी में जुटे नगरवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 20 अक्टूबर।** दिसंबर 2025 को नगर के वरिष्ठ नागरिक विजय प्रसाद तिवारी के अथक प्रयास से महा कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंदु से शिव पुराण कथा श्रवण करने का सौभाग्य गीदम नगरवासियों को प्राप्त होने वाला हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बाबा रामदेव मंदिर में नगर के युवाओ की बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में सर्वप्रथम विजय तिवारी ने बताया कि मिश्रा का दिसम्बर 2025 को गीदम नगर में शिव पुराण कथा हेतु समय प्राप्त हो गया हैं, जिसका आयोजन नगरवासियों के सहयोग से कराया जाना हैं। सभी को जिम्मेदारी लेकर इस कार्य को संपादित किया जाना हैं। जिसमें सभी ने अपनी सहमति देते हुए एक एक करके अपने विचार रखे। यह आयोजन बहुत बड़ा होने के कारण इस आयोजन को सफलता पूर्वक संपादित करने हेतु शिव पुराण आयोजन समिति गठित करने का निर्णय निर्णय लिया। सभी की सहमति उपरांत समिति का गठन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष के रूप में जय प्रकाश चौहान को चुना गया। उपाध्यक्ष हेतु जगदीश राठी, अभिलाष तिवारी, झल्लर गुप्ता, रजनीश सुराना एवं मदन सोनी, सचिव हेतु राकेश कुमार मिश्रा, सह सचिव हेतु सुजीत सिंह, रोहित जैन, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सह कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद अवस्थी एवं संरक्षक के रूप मे विधायक चैतराम अटामी, विजय प्रसाद तिवारी एवं विमल सुराना होंगे तथा प्रचार प्रसार और मिडिया प्रभारी के रूप मे अतुल सिंह, सूरज सिंह एवं आशुतोष शिवहरे को चुना गया। सभी नगर वासियों के सर्व सम्मति से समिति का चयन करते हुए भविष्य में अलग अलग कार्यों को लिए अलग अलग समिति के गठन की भी चर्चा की गई। अंत में समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गीदम नगर में इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन की बात कही। साथ ही नगर में शिव पुराण कथा होने से हम सभी गौरांवित है, ऐसा आयोजन नगर में होने से पूरे नगर में भक्ति भाव की लहर रहेगी। यह कार्यक्रम न केवल गीदम नगर के लिए एक अद्वितीय धार्मिक अवसर होगा, बल्कि समाज में शिव भक्ति और संस्कारों की जड़ों को और भी गहराई प्रदान करेगा।

## एक नजर

### नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में अपर कलेक्टर ने दी जानकारी

**सुकमा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में जानकारी दी। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस कर नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी दी। अपर कलेक्टर ने बताया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### पेंटापाड़ आश्रम में उल्टी-दस्त का प्रकोप

**सुकमा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उल्टी दस्त से मौतों का एक ओर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत पेंटापाड के आश्रित ग्राम बड़े केडवाल का मामला है। एक सप्ताह के भीतर बुखार उल्टी दस्त से तीन लोगों की मौत हुई एक मरीज को जिला अस्पताल सुकमा में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके के लिए रवाना किया। मामले की पुष्टि डॉ कपिल कश्यप सीएमएचओ सुकमा ने की है।

### कार्यालयों में चलाया स्वच्छता अभियान



**सुकमा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में शनिवार को शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय कार्यालयों की सफाई की गई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान में विभागों के प्रमुखों के साथ-साथ कर्मचारियों ने भी योगदान दिया, जिससे यह एक सामूहिक प्रयास रहा। कार्यालय के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे कॉरिडोर, बैठक कक्ष और अन्य कक्ष की गहन सफाई की गई।



**सुकमा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोंटा (माध्यमिक स्तर) के विद्यार्थियों के द्वारा 25 दिवसीय गतिविधियों के क्रम में स्थानीय स्थलों की खोज के तहत राम वन गमन पथ पर स्थित ग्राम इंजरम का भ्रमण कर उक्त स्थान के इतिहास को जाना एवं 3 डी प्रोजेक्ट तैयार किया।

### गायत्री मंदिर चौक से लेकर जिला अस्पताल तक स्ट्रीट लाइच बंद, छाया रहता है अंधेरा

# पोषण पुनर्वास केंद्र, बालगृह भी अंधेरे में डूबा रहता है, गर्भवती माताएं रहती हैं आशंकित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 20 अक्टूबर।** दंतेवाड़ा पालिका क्षेत्र के नगरवासी बदहाल बिजली व्यवस्था की दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर अघोषित बिजली कटौती से नगरवासी पहले से ही परेशान हैं तो वहीं दुसरी ओर नगर पालिका के जिम्मे वाली नगर के मुख्य मार्ग तथा वार्डो को रोशन करने लगाए गए स्ट्रीट लाईट आए दिन किसी न किसी कालोनी में बंद रहती है या फिर लाईट चालू भी रहती है तो खम्बों में लगे एलईडी खराब होने के चलते लाईटें जलती नहीं है। नगर के तमाम पोल व उसमें लगे एलईडी लाईट को दुरूस्त करने की जवाबदारी नगर पालिका प्रशासन की है। पालिका की ढुलमुल व लचर भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते किसी न किसी वार्ड, मोहल्ले की स्ट्रीट लाईट अक्सर बंद रहते हैं जिससे रात के वक्त घरों में चोरी, लूट की आशंका बनी रहती है।

नगर के गायत्री मंदिर चौक से हाईस्कूल, जिला अस्पताल जाने वाले मार्ग की करीब 30 खम्बों की लाईटें काफी समय से बंद पड़ी है जिसे ठीक नहीं किया जा रहा है। बता दें कि यह रूट वीआईपी रूट भी है। राष्ट्रीय पर्व के दौरान वीआईपी पर्सन इसी रूट से हाईस्कूल मैदान राष्ट्रीय पर्व से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने गुजरते हैं। हाईस्कूल टर्निंग पर ही जिला अस्पताल द्वारा गर्भवती माताओं के लिए पोषण पुर्नवास केंद्र बनाया गया है जहां गर्भवती माताओं को रखा जाता है। पोषण पुर्नवास केंद्र की सुरक्षा के लिए अस्पताल प्रशासन ने तारबाड़ी लगाकर घेराबंदी की है ताकि इसके अंदर कोई भी व्यक्ति प्रवेश न कर सके। इसका तात्पर्य यह कि पोषण पुर्नवास केंद्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में पोषण पुर्नवास केंद्र के सामने लगी स्ट्रीट लाईट के बंद रहने से घुप्प अंधेरा छाया रहता है जिससे गर्भवती माताएं अपने को असुरक्षित महसुस करती हैं। इसी मार्ग पर बाल गृह भी है वो भी अंधेरे में डूबा रहता है। चौबिसों घंटे मरीजों का आना जाना भी इसी रूट पर लगा रहता है ऐसे मे इस मार्ग पर स्ट्रीट लाईटों का बंद रहना आम लोगों के लिए परेशानी का सबब है। स्ट्रीट लाईटें बंद होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। नगर पालिका को चाहिए कि कम से कम हाईस्कूल से लेकर जिला अस्पताल के सामने तक की सभी पोलों की लाईटों को ठीक करवाए ताकि एमरजेंसी सेवा में कोई बाधा न हो। नगर पालिका की ढुलमुल रवैया के कारण नगर की स्ट्रीट लाईटें अक्सर बंद रहती है जब तक कोई शिकायत न करे या न्यूज में खबरें प्रकाशित न हो तब तक इनके कानों में जूं नहीं रेंगता।

# महिला आयोग सदस्य बनाए जाने पर माना आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमाा, 20 अक्टूबर।** मेरे ईष्ट देवी देवता माता दंतेश्वरी और बुढा देव की कृपा से आज मैंने राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया हैं। अपने इस राजनीतिक जीवन में मैने, कहीं उतार चढ़ाव देखे हैं। मैंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से 2004 में की थी,फिर भारतीय जनता युवा मोर्चा में कार्य करते हुए आज राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में मनोनीत हुई हूँ।

मैंने सदैव मेरी हर सफलता और उपलब्धि को आप सबके साथ सांझा किया है और हर बार यह महसूस किया है कि मेरी हर उपलब्धि या सफलता चाहे वह राजनीतिक रूप से हो या मेरी पढ़ाई के रूप में हो ,मेरी सफलता पर आप सभी मुझ से अधिक प्रसन्न होते हैं। आज इस नए दायित्व को ग्रहण करते हुए आप सब को यह पुनः विश्वास दिलाना चाहती हूँ ,कि जो विश्वास आप सब को मुझ पर है वह विश्वास को मैं टूटने नहीं दूंगी, मैं महिला आयोग के सदस्य के रूप में अपना कार्य बहुत ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करते हुए समाज के शोषित, वंचित और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के कार्य करुँगी।

मैं धन्यवाद देना चाहती हूँ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सुकमा जमींदार किरण सिंह देव जी, महामंत्री संगठन आदरणीय पवन साय ,क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल जी, समस्त प्रदेश संगठन का जिन्होंने मुझे इस योग्य समझ कर मुझे नए दायित्व प्रदान कर समाज कार्य करने का अवसर प्रदान किया है।

मैं धन्यवाद देना चाहती हूं, मेरे माता-पिता ,मेरे परिवार के साथ-साथ मेरे इष्ट मित्र व सहयोगियों का जिन्होंने मेरे विपरीत परिस्थितियों में भी पर्दे के पीछे रह कर मुझे प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से मेरा मार्गदर्शन किया और सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, इन सब के बावजूद भी मैं एक ऐसा नाम है जो मैं लिखना चाहूंगी,जिससे सुकमा जिला के सभी लोग चिर - परिचित है ,शायद वह व्यक्ति मेरे साथ इन वर्षों में नहीं होते तो यह कहना मेरा गलत नहीं होगा कि, मैं जहां आज हूँ वहाँ नहीं होती, मेरी यह कामयाबी या उपलब्धि आज मेरी जितनी है ,उतनी उनकी भी है। संजय सिंह भदौरिया (रिंटू भैया) आज यह अवसर जो मुझे मिला है, उसके हकदार आप भी हैं ,मेरे हर उतार- चढ़ाव, मान- अपमान, में आप मेरे साथ हमेशा ढाल बनकर खड़े रहे ,धन्यवाद शब्द बहुत छोटा होगा,फिर भी इस अवसर पर कह रही हूँ। मेरी यह उपलब्धि आप सभी को समर्पित करती हूँ। क्योंकि मेरे इस सफलता को आप सभी अपनी सफलता मान रहे हैं और स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण पेश करूं इसका पूर्ण रूप से प्रयास करूंगी, आप सबके प्रेम, स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास के लिए सदैव नतमस्तक हूँ।

### विकासखंड सुकमा की गादीरास क्षेत्र की कई पंचायतों में किया गया शिविर का आयोजन

# राशन,आयुष्मान कार्ड सुधार शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 20 अक्टूबर।** जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, राशन कार्ड में संशोधन और आधार लिंकिंग को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड सुकमा के गादीरास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोर्रा, मुनगा एवं झीरमपाल में शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इस शिविर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

**शिविर में नागरिकों को घर के पास मिल रही सेवाएं:** जिले में लोगों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, राशन कार्ड में संशोधन और आधार लिंकिंग के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को घर के निकट ही सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े।

**कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्य के निर्देश:** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने और राशन कार्ड सुधार की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। उन्होंने इस काम को तेज़ी से और प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया।

**नागरिकों से संवाद, समस्याओं का समाधान:** शिविर के दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों एवं नागरिकों को आश्वस्त किया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**शिविरों का आयोजन नियमित रूप से जारी रहेगा :** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड और आधार लिंकिंग का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के लिए शिविरों का आयोजन नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि सभी नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।



## समाचार संक्षेप

### हर घर जल महोत्सव में ग्रामीणों ने दिखाई सामुदायिक सहभागिता



**सुकमा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम छुरागट्टा और विकासखंड कोंटा के ग्राम फायदागुडा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत मुखिया हिडमा दूधी, वार्ड पंच महादेव नाग, रोजगार सहायक हिंगाराम मंडावी और स्व सहायता समूह की सावित्री डेरहा एवं बिन्दा नाग सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम सभा के प्रस्ताव को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौंपा गया, जिसमें जल कर, सामुदायिक सहभागिता और स्वामित्व भावना से योजना के संचालन के लिए तीन व्यक्तियों की नियुक्ति की गई। ग्रामीणों ने जल संरक्षण और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता दिखाते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही, विकासखंड कोंटा के ग्राम फायदागुडा में ग्लोबल हैंड वॉश डे भी मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हाथ धोने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और साटो टैप का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को स्वच्छता का महत्व सिखाया गया। इस कार्यक्रम में पीएचई विभाग अधिकारी कर्मचारी और यूनिसेफके सदस्य भी उपस्थित थे।

### रोजगार मेला का आयोजन 21 अक्टूबर को

**जगदलपुर, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में 21 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10.30 बजे से रोजगार मेला एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु काऊसिलिंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड, कम्पयूटर ऑपरेटर, होम नर्स, सेल्स एक्सीक्यूटिव, सिविंग मशीन ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी तथा लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु काऊसिलिंग की जाएगी। इच्छुक हितग्राही अपने दस्तावेजो के साथ नियत तिथि तथा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में आकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी जिले की वेबसाईट में देखी जा सकती है।

### बस्तर कमिश्नर ने क्षेत्रीय सरस मेला के स्टालों में विभिन्न उत्पादों का किया अवलोकन



**जगदलपुर, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय लालबाग मैदान में आयोजित सरस मेला का जायजा लिया और क्षेत्रीय सरस मेला के स्टालों में विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से रूबरू होकर उनकी आर्थिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की और आय संवृद्धि के लिए अच्छा उत्पाद तैयार करने, उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने सहित आकर्षक पैकेजिंग किए जाने की समझाइश भी दी। कमिश्नर ने बालोद जिले के कुसुमकसा की करूणा स्व-सहायता समूह के स्टाल से बेर अचार एवं मूंगफली चिक्की खरीद कर स्वाद लिया और दोनों उत्पाद की प्रशंसा की। इस मौके पर उपायुक्त श्री बीएस सिदार एवं श्रीमती आरती वासनीकर सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे। कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने क्षेत्रीय सरस मेला में बस्तर जिले के श्रीराम महिला स्व-सहायता समूह तुरपुरा के स्टाल में बस्तरिया मसाला का अवलोकन कर विक्रय के बारे में पूछा। वहीं देवड़ा के दीपमाला समूह के टेराकोटा शिल्प, छिंदावाड़ा के हजारीफूल समूह के नमकीन एवं पोहा, बड़े किलेपाल के इंदिरा समूह के लाल चावल, काला चावल, रागी, लोकटीमाछी चावल जैसे जैविक उत्पाद एवं बस्तरिया ईमली, पूजा समूह बड़े किलेपाल के मसाला एवं बस्तरिया शहद, वैष्णोदेवी समूह बड़े धाराउर के लौह शिल्प तथा बम्लेश्वरी समूह आसना के पारम्परिक आभूषण का बारीकी से अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली तथा इन समूहों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सुंदर स्व-सहायता समूह कुसमा कोण्डागांव के स्टॉल में लौह शिल्प एवं बेलमेटल के विक्रय के बारे में शिल्पकार संजय विश्वकर्मा से पूछा, तो संजय ने बताया कि सरस मेला में अब तक करीब 60 हजार रुपए का शिल्प विक्रय किया है।

- ■ सरस मेला में समूहों ने अब तक कुल 47 लाख 78 हजार 267 रुपए का विभिन्न उत्पादों का किया विक्रय
- ■ स्वसहायता समूहों की महिलाओं से गतिविधियों के बारे में चर्चा कर आय संवृद्धि के लिए दी समझाइश

### त्रिस्तरीय पंचायतों का आम निर्वाचन वर्ष 2024 25 के लिए ग्रामों का प्रथम प्रकाशन जारी

**दंतेवाड़ा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) (जिसे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 129 ख (1) के प्रावधानों के अधीन राजस्व जिला दंतेवाड़ा के कलेक्टर द्वारा संलग्न सारणी (जिसे, इसके पश्चात सारणी कहा गया है) के स्तम्भ (4) में दर्शाये गये गाँव या गाँवों के समूह के लिए जिसकी जनसंख्या सारणी के स्तंभ (5) में दर्शायी गई है, सारणी यो स्तंभ (3) में उल्लेखित नाम से उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए ग्राम के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाना प्रस्तावित है, तथा सार्वजनिक जानकारी के लिए एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इस स्थापित ग्राम में अधिनियम की धारा 8 (क) के अनुसार ग्राम पंचायत का गठन किया जायेगा। इस प्रकार गठित ग्राम पंचायतों को अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत वर्णित अधिनियम के प्रयोजन के लिए आवश्यक अन्य समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी। जो कोई प्रभावित व्यक्ति इस अधिसूचना के संबंध में अपने पक्ष समर्थन या सुझाव के लिए दावे आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशन दिवस से सात दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में अपना दावा आपत्ति या सुझाव लिखित में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

# घरघोड़ा नगर पंचायत में तालाबंदी का ऐलान

## लाल फीताशाही हावी, जनहितकारी योजनाएं ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 20 अक्टूबर।** नगर पंचायत घरघोड़ा में लंबे समय से सडक़, बिजली, पानी और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की घोर उपेक्षा से आक्रोशित होकर नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों ने तालाबंदी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। सडक़ों की जर्जर हालत, स्ट्रीट लाइट्स का न जलना, कई वार्डों में बोरवेल खराब होने से पेयजल आपूर्ति बाधित होना और कचरे के अनियमित उठाव से जनता त्रस्त है। इन समस्याओं के समाधान के लिए कई बार प्रशासन से अपील की गईए लेकिन कोई ठोस कदम न उठाने से नाराज अध्यक्ष और पार्षद अब जनता के साथ मिलकर नगर पंचायत की तालाबंदी करेंगे।

नगर के कई क्षेत्रों में जनहितकारी योजनाओं पर भी लालफीताशाही हावी हो गई है। योजनाओं का लाभ नागरिकों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे आम जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्ट्रीट लाइट्स महीनों से खराब पड़ी हैंए जिससे रात के समय अंधेरे में सडक़ पर चलना मुश्किल हो गया है। वहीं कई वार्डों में बोरवेल खराब होने से लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। इन सबके अलावाए कचरे का समय पर उठाव न होने के कारण पूरे नगर में गंदगी फैल गई हैए जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा हो रही हैं।




### अध्यक्ष और पार्षदों में है भारी आक्रोश

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर के बुनियादी विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। जब बार-बार शिकायतों के बाद भी प्रशासन हमारी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेता, तो हम मजबूरन यह कदम उठाने पर विवश हुए हैं। जनता के हितों की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्षदों ने भी अध्यक्ष का समर्थन करते हुए कहा कि प्रशासन की इस लापरवाही ने नगरवासियों का जीवन मुश्किल बना दिया है। एक पार्षद ने कहा बिजली और पानी जैसी जरूरी सेवाओं की अनदेखी हो रही है और कचरा प्रबंधन भी पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है। हम जनता के साथ मिलकर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हैं।

### नगरवासियों का समर्थन

नगरवासियों ने भी इस तालाबंदी आंदोलन का पूरा समर्थन किया है। एक स्थानीय नागरिक ने कहा योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है, स्ट्रीट लाइट्स बंद हैं और कई बोर खराब पड़े हैं, पानी के लिए हमें दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है। नगर पंचायत का यह आंदोलन सही है और हम उनके साथ हैं।

### तालाबंदी से बढ़ेगा प्रशासन पर दबाव

तालाबंदी के बाद नगर पंचायत की सभी गतिविधियां ठप हो जाएंगी, जिससे प्रशासन पर दबाव बढने की संभावना है। अध्यक्ष और पार्षदों का कहना है कि जब तक इन समस्याओं का हल नहीं निकाला जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका स्पष्ट संदेश है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

## एक नजर

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**बीजापुर 20 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत सतत रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में 17 अक्टूबर 2024 को गुदमा के प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसेगढ़ तथा बालक आश्रम अंबेली में जागरूकता कार्यक्रम नशामुक्त भारत के लिए शपथ एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, दुष्परिणाम नशे से होने वाली बीमारी एवं नशापान से समाज में घटित होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री कमलेश कुमार पटेल ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि जिले में अतिशीघ्र नशामुक्ति केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा।

### सुपरवाइजर ने भोपालपटनम् डिलीवरी सेंटर में कैश ऑन डिलीवरी की राशि में हेराफेरी की, जुर्म पंजीबद्ध

**बीजापुर 20 अक्टूबर।** 19 अक्टूबर को राहुल तेलम श्रष्ष्द्व कंपनी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुपरवाईजर राहुल परतागिरी द्वारा डिलीवरी सेंटर में कैश ऑन डिलीवरी का जमा पैसा 6,55,511 रूपये बैंक में जमा कराने हेतु दिनांक 17/09/2024 को निकाला था, जो वापस नही आने से डिलीवरी करने वाले लड़को से पूछताछ किया गया, कोई पता नही चला। फोन लगाने पर कॉल नही उठाया गया। राहुल परतागिरी तिमेड़ में मिलने से उसे ऑफिस लाया गया एवं लॉकर को चेक करने पर लॉकर में 1,46,225/- रूपये कैश पाया गया। शेष राशि 5,09,286 रूपये सुरेश परतागिरी के द्वारा निजी कार्य के लिये खर्च करना बताया। जिस पर कार्यवाही हेतु श्रष्ष्द्व कंपनी के प्रबंधक को सूचित किया गया। सुरेश परतागिरी के द्वारा श्रष्ष्द्व कंपनी को रूपये 270000/- रूपये वापस लौटाया गया है, शेष राशि 2,39,286/- रूपये जमा नही किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भोपालपटनम् में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी सुपरवाईजर राहुल परतागिरी पिता स्व0 गौरैया परतागिरी निवासी मामड़ीगुड़ा थाना भोपालपटनम् जिला बीजापुर के विरूद्ध थाना भोपालपटनम् में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया है।



# करवा चौथ से एक दिन पहले नक्सलियों ने की पति की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 20 अक्टूबर।** पति की रक्षा के लिये पत्नियां करवा चौथ का व्रत रखती है लेकिन तिरुपति भंडारी की पत्नी को कया पता था कि उसका पति व्रत रखने से पहले ही दुनिया छोड देगा। शनिवार को दोपहर तिरुपति भंडारी राशान का चांवल वितरण करने आवापल्ली से उसूर गया था उसे कया मालूम था कि वहाँ उसका मौत इंतजार कर रही है । बताया जा रहा है कि उसूर के बीच बस्ती मे भीड़ भरे राशान दुकान मे राशान वितरण के दौरान अचानक कुछ ग्रामीण वेशभूषा मे सर पर कपड़ा लपेटे पहुंचते है और तिरुपति भंडारी पर धारदार. हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी तिरुपति भंडारी को संभलने का मौका ही नहीं मिला और उसकी मौत हो गई दिनदहाड़े अचानक हुई इस घटना से उसूर क्षेत्र मे दहशत फैल गया। साथ ही पूरा माहौल मातम मे बदल गया। यहां बतादे तिरुपति भंडारी उसूर क्षेत्र के मारूढबाका पंचायत का दो बार सरपंच रह चुका था और कांग्रेस का कर्मठ सिपाही था नकसली घटना के चलते वह अपने गांव से आवापल्ली आकर अपने परिवार के साथ रहता था इस घटना से तिरुपति का परिवार सदमे में है सभी लोगों ने घटना पर दुख जताया है बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने भी दुख व्यक्त करते परिवार के प्रति संवेदना प्रगट की है। आज आवापल्ली मे उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। इस दुखद घडी मे. सभी ने परिवार को सांत्वना दी है।



## हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग

**रायगढ़, 20 अक्टूबर।** जिले के तमनार क्षेत्र के ग्राम मिलूपारा में बीती रात शार्ट सर्किट से एक हार्डवेयर दुकान में अचानक आग लग जाने की घटना में करोडो का सामान जलकर खाक हो गया। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिलूपारा गांव में स्थित गणेश ट्रेडर्स में बीती रात 12 बजे के आसपास आग लग गई और फिर इस आग ने भयावह रूप अख्तियार कर लिया जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की जानकारी मिलते ही दुकान संचालक ने इस घटना से तमनार पुलिस को अवगत कराया जिसके बाद पुलिस टीम के अलावा फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था।

**दुकान का नही हुआ था बीमा :** बताया जा रहा है कि दुकान के बरामदे का बल्प के अलावा दुकान के नेम प्लेट वाला बोर्ड का लाईट जल रहा था जिससे आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से ही दुकान में आगजनी की घटना हुई होगी जिससे दुकान संचालक को काफी नुकसान हुआ है। दुकान संचालक के अनुसार दुकान में करोड़ों का हार्डवेयर सामान रखा हुआ था और दुकान का बीमा भी नहीं हो पाया था।

**आगजनी के कारणों की होगी जांच :** इस मामले में तमनार पुलिस ने बताया कि आगजनी की सूचना पर उनकी टीम मौके पर पहुंची हैए काफी मात्रा में दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है। यहां आगजनी की घटना शार्ट सर्किट से हुई है या किसी अन्य कारण से हुई इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। जांच के बाद ही आगजनी के कारणों का पता लगाया जा सकता है।

## समाचार संक्षेप

### जिले से 16 विद्यार्थी जूनियर रेडक्रास जम्बूरी में शामिल होने के लिए दुर्ग रवाना



**बीजापुर 20 अक्टूबर।** जिले से से 4 स्कूलो से कुल 8-8 छात्र एंव छात्राएं कुल 16 बच्चे एंव 1 महिला कांउसलर 1 पुरुष काउंसलर एंव 1 प्रभारी कुल 19 लोग दुर्ग कैम्प मे शामिल होने हेतु कलेक्टर महोदय से मिलकर रवाना हुए । कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बच्चो से अपने कक्ष मे कैम्प से संबधित चर्चा के दौरान बच्चो को हर प्रतियोगिता मे सीखने के तौर से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जीत हार होती रहती है किन्तु राज्य के सभी जिले से आये बच्चो से प्रतियोगिता के माध्यम से कुछ सीखने को मिलता है ओ सीखना महत्वपूर्ण है । कलेक्टर ने बच्चो को हमेशा अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों को पूरा करने अपने शिक्षकों प्रभारियों के निर्देशों का पालन करने सहित शिविर में शामिल होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

### श्रम मंत्री ने बीजापुर में पदस्थ निरीक्षक का किया सम्मान



**बीजापुर 20 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा 17 एवं 18 अक्टूबर, 2024 को रायपुर स्थित होटल सयाजी, मेग्नेटो मॉल के पीछे, प्रातः 10ः00 बजे से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारियों एवं निरीक्षकों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण/जानकारी दिया गया कार्यशाला के आखिरी दिन माननीय श्रम मंत्री के द्वारा राज्य से आए अधिकारी एवं निरीक्षकों से मुलाकात की एवं कार्यशाला का समापन किया इस अवसर पर बीजापुर के श्रम निरीक्षक श्री सोपान कर्णेवार के द्वारा जिले में चल रहे श्रम विभाग की योजनाओं ओर पंजीयन के कार्यो को देखते हुए माननीय श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन जी के द्वारा सम्मानित किया गया आयोजन में श्रम विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

### जिला प्रशासन की अभिनव पहल, नवजात शिशु का बना जाति प्रमाणपत्र



**बीजापुर 20 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लगातार समीक्षा करते हुए नवजात शिशु को जन्म के बाद एक निर्धारित तिथि तक 5 आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए राजस्व, स्वास्थ्य खाद्य एवं संबंधित विभाग को निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में सर्वप्रथम बच्चों का नाम सहित जन्म प्रमाण पत्र बनाने राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं पिता के जाति प्रमाण पत्र के आधार पर 40 दिवस के भीतर बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्पष्ट कार्य योजना के तहत कार्य करने के निर्देश के परिपालन में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए पटवारी हल्का क्रमांक 11, ग्राम तुमनार के दंपति ललित तेलम के पुत्र जिनका जन्म 19 सितंबर 2024 को हुआ उसका जाति प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में बनकर तैयार हो गया। उक्त बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने अपने कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जिला प्रशासन के इस पहल से बच्चों के माता-पिता बहुत ही प्रसन्न नजर आए और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल भी मौके पर उपस्थित थे।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ है कानूनन अपराध भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 20 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में स्कूल कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कर बाल विवाह कानूनन अपराध की जानकारी दिया जा रहा है 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कानूनन अपराध है बाल विवाह करना करवाना सहायता करना बाल विवाह को बढ़ावा देना इसकी अनुमति देना बाल विवाह में सम्मिलित होना भी अपराध है इसके लिए दो वर्ष तक का कठोर कारावास तथा जुर्माना जो की ?100000 तक हो सकता है अथवा दोनों दोनों दंड से दंडित किया जा सकता है बाल विवाह होने से नुकसान की जानकारी दिया जा रहा है कि इससे शारीरिक दुर्बलता समय पूर्व गर्भावस्था मानसिक विकास में रुकावट मातृ मृत्यु दर में वृद्धि शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होता है। इसे रोकने के लिए अपील किया जा रहा है कि सभी गणमान्य नागरिकों समाज प्रमुख को धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न करने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता टेंट हाउस डीजे बैंड बाजा प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा आम नागरिकों से जन जागरूकता के माध्यम से महिला में बाल विकास विभाग अपील करता है कि बिना आयु पूर्ण किए वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान न करें। आप सभी का सहयोग आवश्यक है जिससे जिले को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त किया जा सकता है ।

## कलेक्टर ने भोपालपटनम ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 20 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लेने शुक्रवार को भोपालपटनम ब्लॉक पहुंचे कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कस्तुरबा गांधी विद्यालय में विद्युत व्यवस्था की समुचित आपूर्ति एवं किचन शेड में सुधार के निर्देश दिए। वहीं स्कूल के नया भवन तैयार हो चुका है सोमवार तक नए भवन में स्कूल संचालित करने को कहा। निमार्णधीन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्वक भवन निर्माण एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ के सीबीसी मशीन का अवलोकन किया एवं सीबीसी मशीन का मरम्मत जल्द कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र मद्देड़ में मीनू आधारित सब्जी नहीं पाए जाने पर सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया गया। हायर सेकेण्डरी स्कूल मद्देड़ में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित बढ़ाने के लिए स्कूल के प्राचार्य को सख्त निर्देश दिए। बस स्टैण्ड मद्देड़ में झाड़ियों की सफाई करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए। वहीं उसूर ब्लॉक के कन्या आश्रम मुरकीनार में बच्चों के साथ आश्रम की गतिविधि के बारे में चर्चा किए।



### नेटवर्कविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग कड़ी मेहनत से बना रहा है आयुष्मान कार्ड



**बीजापुर 20 अक्टूबर।** बीजापुर जिले के चारों विकास खण्डों में पहुंचविहीन क्षेत्र होने के कारण मोबाईल नेटवर्क नहीं है। ऐसे गांवों मे शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़ी मेहनत और चुनौतियों का सामना करके आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। ताकि शासन निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचविहीन क्षेत्र के ग्रामीण भी उठा सके इसके लिए नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में दूसरे गांव जहां नेटवर्क है। वहां जाकर ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेटवर्क विहीन गांव ग्राम फुलादी, पुजारी, कांकेर, मुरकीनार, मलेपल्ली, नेंड्रा, चिपुरभट्टी पुसबाका, टेकमेटला, सेण्ड्रा, केरपे, सागमेटा जैसे विभिन्न गांवो में स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ आयुष्मान ऑपररेटर उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बना रहे है। ग्रामीणों में आयुष्मान कार्ड बनवाने के प्रति उत्सुकता भी नजर आ रहे है।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 453 लोगों का उपचार







■ ऋतु अनुसार आहार विहार, दिनचर्या, परहेज के बारे में दी गई जानकारी

■ स्वस्थ जीवन शैली के लिए योगासन करने के लिए किया गया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 20 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में ग्राम-बुनगा के विभिन्न स्कूलों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आस-पास के क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करना तथा आयुर्वेद से सभी प्रकार की बीमारियों का निदान एवं उपचार करना था। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में लगभग 453 लोग लाभान्वित हुए। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एमएस डॉ.अजय नायक के द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आयुर्वेद संबंधित मूलभूत जानकारी से अवगत कराया। आसपास के क्षेत्र परसापाली, रनभाटा, छिछोर उमरिया, बारडोली, बोंदा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर औषधि उपलब्ध किया गया। साथ ही ऋतु अनुसार आहार विहार, दिनचर्या, परहेज के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में ज्यादातर वात रोग, उदर रोग, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, दौरबल्या, उच्च रक्तचाप इत्यादि के मरीज पाए गए। आयोजित शिविर के दिन साप्ताहिक बाजार होने पर ज्यादातर अंचल के ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्सा हेतु बुनगा आकर स्वास्थ्य लाभ लिए। बुनगा में जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, मितानिन प्रशिक्षण, नियमित योगाभ्यास सत्र, बीपी जाँच, सियान जतन क्लीनिक, औषधालय के हर्बल गार्डन में जड़ी बूटियों की पहचान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता हेतु उच्च रक्त चाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, स्वस्थ्य जीवन शैली, योगासन, जरा रोग, वात रोग इत्यादि की जानकारी के संबंध में पंपलेट वितरण किया गया। इस दौरान भोज कुमार मालाकार फार्मासिस्ट, राजेश साव, दुलामणि रजक योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक 18 नवम्बर को


रायगढ़, 20 अक्टूबर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार सामान्य सभा में जिला प्रबंध समिति सदस्य के लिए निर्वाचन किया जाना है। जिसके संबंध में 18 नवम्बर 2024 को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में बैठक आयोजित होगी। सचिव/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के समस्त संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उक्त बैठक में अवश्य रूप से उपस्थित होने हेतु कहा गया है।

## बारनवापारा अभयारण्य में 21 से 23 अक्टूबर तक बटरफ्लाई मीट का आयोजन

# तितलियों को जानने और पहचानने का मिलेगा मौका

■ शामिल होंगे देश भर के विशेषज्ञ व प्रकृति प्रेमी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 20 अक्टूबर।** वन विभाग एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के संयुक्त तत्वाधान में 21 से 23 अक्टूबर तक अभ्यारण्य में बटरफ्लाई मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से प्रकृति प्रेमियों को तितलियों को करीब से जानने और पहचानने का मौका मिलेगा। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा तितलियों के पर्यावास एवं उनके महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएगी। उक्त आयोजन की यह तीसरी कड़ी है। इसके पूर्व सन 2022 एवं सन 2023 में इस प्रकार का आयोजन किया गया था। वन-विभाग द्वारा बटरफ्लाई मीट की तैयारी पूरी कर ली गई है, आयोजन में भाग लेने एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड को भी जनरेट किया गया है जिसके माध्यम से आसानी से पंजीयन कराया जा सकता है। बटरफ्लाई मीट में प्रतिभागी स्टूडेंट के लिए 1500 रुपये एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 2000 रूपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। इसके साथ ही भाग लेने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। बारनवापारा अभ्यारण में 150 प्रजातियों की तितलीयां एवं मोथ पाई जाती है जिसमें से वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज (पैचीलोप्टा हेक्टर) डनाइड इगली (हाइपो सिलिमस मिसीपस) शेड्यूल दो की सीपोरा निरीसा, होगारा, नेक्स, यूक्रीशाप्श, सीनेजस, जेनेलिया लेपिडिया, रपेला वरूणा, लेपिड्र्स, बोइहन, तजुना शिप्स आदि पाई जाती है। शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है।

### पर्यटकों को आकर्षित करता है बारनवापारा अभ्यारण्य

विगत 3 वर्षो से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14 से 16 हाथियों का एक दल निवास कर रहा है साथ ही साथ विगत 8 माह से एक बाघ भी लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है। बारनवापारा नाम बार और नवापारा ( दो ) गांव से मिलकर बना है। बारनवापारा अभ्यारण अपनी स्थापना के बाद से ही देश के हर हिस्से से पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। बारनवापारा वन्य जीव अभ्यारण छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में स्थित है। अभ्यारण्य की कुल क्षेत्रफल 244.66 वर्ग किलोमीटर है। अभ्यारण्य की स्थलाकृति समतल और लहरदार इलाका है। ऊंचाई 640 मीटर समुद्र तल से है। बालमदेही, जोंक, महानदी आदि नदियां अभ्यारण्य की जीवन रेखा है जो अभ्यारण्य की जल की कमी को पूरा करने के लिए अभ्यारण्य के साथ-साथ ही बहती हैं।

### रायपुर से 106 किमी की दूरी पर है बारनवापारा अभ्यारण्य

पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इसमें वन्य -जीवों का अच्छा घनत्व है। अभ्यारण्य के अंदर स्थित बलार जलाशय में विभिन्न प्रकार के पक्षियां और मछलियां पाई जाती है। अभयारण्य लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इको टूरिज्म को बढ़ावा दे रहा है। बारनवापारा तक पहुंचाने के लिए रायपुर से सड़क मार्ग से 3 घंटे का सफर तय करना पड़ता है। रायपुर से महासमुंद मार्ग से सिरपुर फिर बारनवापारा या बलौदाबाजार कसडोल से बारनवापारा अभ्यारण्य! रुकने के लिए रिसॉर्ट और लाज, बारनवापारा और कसडोल में उपलब्ध है।

## समाचार संक्षेप

### श्री अजमीढ़ देव की जयंती मनाई गई



**तिल्दा-नेवरा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व सोनी समाज के द्वारा स्वर्णकार समाज के प्रणेता अजमीढ़ देव की जयंती पूजा अर्चना कर नगर भवन के सामने विगत सात वर्षों से मांग की गई सुरक्षित भूमि पर धूमधाम से प्रति वर्ष की तरह इस बार भी मिष्ठान वितरण कर मनाई गई। इस अवसर पर सर्व सोनी समाज के अध्यक्ष सुनील सोनी ने अपने स्वागत भाषण में सभी को एक जुट होकर समाज हित में कार्य करने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि अजमीढ़ देव की कृपा से क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षद्य गुरु डहरिया, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल तथा कॉग्रेस नेता राम गीडलानी सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से भवन निर्माण का कार्य भी अतिशीघ्र शुरू होने वाला है द्य कार्यक्रम में सर्व सोनी समाज के अध्यक्ष सुनील सोनी, संरक्षक गण भूषण लाल सोनी, बनवारी लाल सोनी, सी एम सोनी, दुर्योधन प्रसाद सोनी, सी आर सोनी, घनाराम सोनी, राजकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष के के सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, सचिव अजय सोनी, रुद्र कुमार सोनी, गोपाल सोनी, प्रियंक सोनी, रामगोपाल सोनी, ब्यास नारायण सोनी, जुगल सोनी, मनीष सोनी, सृजन सोनी, निर्मल सोनी, भागवत सोनी, रोहित सोनी, संतोष सोनी ज्वेलर्स, संतोष सोनी आटो, सागरमल सोनी, डाक्टर राज कुमार सोनी, विनोद सोनी सहित महिलाएं और बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष दिनेश सोनी ने आभार प्रकट किया।

### तय समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों को करें ब्लैकलिस्टेड : कलेक्टर



**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 हेतु चावल उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने मिलरों द्वारा एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने में सुस्ती बरतने पर खेद व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों पर ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अगले माह से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो रहा है जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सुचारु रुप से सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि मिलरों के द्वारा एफसीआई और नान में निर्धारित मात्रा में समय सीमा पर चावल जमा कराना आवशयक है। जिन मिलरों के द्वारा चावल जमा करने में रूचि नहीं ली जा रही है उसके कारणों का पता कर निराकरण करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी -कर्मचारी सतर्कता व तत्परता से दायित्व का निर्वहन करें, किसी प्रकार की अनैतिक कार्य में संलिप्तता पाए जाने पर सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023 - 24 में नागरिक आपूर्ति निगम में जिले के 79 मिलरों को जारी डीओ का अनुपातिक चावल 142543 मेट्रिक टन जमा करना है जिसमें से अब तक 124836 मेट्रिक टन चावल जमा किया गया है। 6 मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम चावल जमा कराया है जिसमें जे डी एग्रो इंडस्ट्रीज, यश मॉडर्न फूड प्रोडक्ट, जे बी राइस मिल, अमित फूड्स, आदित्य राइस इंडस्ट्रीज एवं प्रमोद चावल उद्योग शामिल हैं। इसीप्रकार एफसीआई में 84 मिलरों को जारी डीओ का अनुपातिक चावल 219472 मेट्रिक टन जमा करना है जिसमें से अब तक 150846 मेट्रिक टन चावल जमा किया गया है। 8 मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम चावल जमा कराया है जिसमें जे.डी. एग्रो इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी ट्रेडर्स, बालाजी राइस मिल, जयराम राइस मिल, कृष्णा राइस मिल, आशा राइस मिल, राम एग्रो इंडस्ट्रीज एवं सेठ बंशीधर केडिया चावल शामिल है। बैठक में प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला, जिला विपणन अधिकारी निधि. शशांक दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### जगदीश छग अग्रवाल समाज व विंध्या महिला मंडल अध्यक्ष चुने गये

**भाटापारा, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शरद उत्सव के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा दो वर्षीय चुनाव संपन्न हुआ जिसमें जगदीश



अग्रवाल एडवोकेट को समाज का अध्यक्ष चुना गया एवं विंध्या अग्रवाल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल महिला मंडल भाटापारा का अध्यक्ष चुना गया। विदित हो कि दोनों तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किये गये है एवं विंध्या अग्रवाल वर्तमान में केंद्रीय महिला प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित घोषित की जा चुकी है।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी भुनेश्वर प्रसाद साहू उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र. 14 कसडोल द्वारा थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी बृजलाल साहू द्वारा जंगल सफारी में गार्ड की नौकरी दिलवाने के नाम पर मुझसे 2,40,000 तथा एक अन्य व्यक्ति नरोत्तम साहू से 3,50,000 ठगी कर लिया गया। इस प्रकार दोनों युवाओं से ठगी कर कुल 5,90,000 की रकम आरोपी बृजलाल एवं परमेंदर सिंह ठाकुर के माध्यम से आरोपी लेन्स लोट सागर को दिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 796/2022 धारा 420,468,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पूर्व में आरोपी बृजलाल एवं परमेंदर ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। प्रकरण मे थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा, उप निरीक्षक एस.आर.नायक, आरक्षक रामलाल कैवर्त एवं सुरज राजपूत की पुलिस टीम द्वारा आरोपी लेन्स लोट सागर को ग्राम पिरदा, रायपुर से हिरासत में लिया गया।

### पांच आपदा पीड़ित परिवारों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से पांच मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। पांच व्यक्ति के लिए 20 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में सोनाबाई पति स्व. मनीराम यादव, निवासी ग्राम बछेरा तहसील सिमगा, फिरताराम पिता झाड़ूराम, निवासी ग्राम पुटपुरा, तहसील कसडोल, बिहारी पिता फिरतू रात्रे, निवासी ग्राम देवरीखुर्द, तहसील कसडोल, राजकुमारी पति स्व. द्वारिका ध्रुव, निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील कसडोल एवं नवधे साहू पिता स्व. पंचराम साहू, निवासी ग्राम बैजनाथ, तहसील कसडोल शामिल हैं।

# एआई के कई दुष्परिणाम हैं तो कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं:न्यायमूर्ति भादुड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानून : नैतिकता, दायित्व और विनियम÷ विषय पर जिला अभिभाषक संघ बलौदा बाजार द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति रजनी दुबे न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर उपस्थित थे। सभा को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति भादुड़ी ने कहा की। एआई के कई दुष्परिणाम हैं तो कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं, निजी जानकारी वाले डेटा चुराए जा रहे हैं. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जितना अधिक डेटा फीड करेंगे उतना अधिक जानकारी आएगी, लेकिन यह कुछ क्षेत्र में खराब है. क्योंकि अभी एआई के लिए भारत में कोई कानून नहीं है. नीति आयोग ने कुछ नियम बनाए जरूर हैं, लेकिन वह काफी नहीं है, न ही आईटी एक्ट में इसके लिए कोई सख्त व्यवस्था है.

कुछ दिनों पहले उन्हें सीबीआई का फोन आया था, जिसमें उनके बेटे के बारे में पूछा गया, जबकि मेरा बेटा मेरे पास था. उन्होंने कहा कि कोर्ट कचहरी और जज वकील इस तरह के मामले को बड़ी आसानी से संभाल लेते हैं, लेकिन आम आदमी इससे घबरा जाता है. इसलिए जहां भी आपका मोबाइल नंबर दर्ज किया जा रहा है, वहां से आपका डेटा बेचा जा रहा है. उन्होंने कहा कि इंसान को ईश्वर ने बनाया है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंसान ने बनाया है. साइबर फ्रॉड करने वालों के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नाम पर वसूली कर ली जा रही है, उनके नामों पर पैसे मांग लिए जा रहे हैं, ऐसे में सावधान रहने की आवश्यकता है. सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने पर ही खुद को डीप फेक से बचा सकते हैं.

इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मेडिकल के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जानकारी दी गई साथ ही कहा कि वकीलों को अपने केस की ड्राफ्टिंग करते समय इसका उपयोग करना चाहिए. हालांकि इससे डेटा चोरी होने का खतरा ज्यादा है, क्योंकि किसी ओर के मेहनत को कॉपी बस यहां करना है। भादुड़ी ने ने आगे बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में मेरी सेवा अवधि समाप्त हो रही है प्रभारी न्यायाधीश के रूप में बलौदा बाज़ार आना पहली बार हुआ था और मै लगातार बलौदा बाजार अधिवक्ता संघ के आमंत्रण पर आ रहा हूं बहुत प्रेम और सम्मान प्राप्त हुआ है जो परम पूज्य गुरु घासीदास के विशेष कृपा से प्राप्त हुई है जो मेरे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते है।विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने महती सभा को संबोधित हुए कहा कि बलौदा बाजार का मेरे जीवन में विशिष्ट स्थान है पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता गणों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया था। यहां आना एक सुखद अनुभव है। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि जिला अभिभाषक संघ प्रतिवर्ष एक विषय को लेकर सेमिनार का गरिमामय आयोजन करते है जिसके लिए संघ के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे एवं अध्यक्षता मोहम्मद शारिक खान मंचस्थ रहे। सेमिनार में वक्ता के रूप वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश तिवारी, देवाशीष तिवारी, रीतिका साहू ने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में स्वागत भाषण संघ के संरक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर एवं अभिनंदन पत्र का वाचन एवं कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव गणेश शंकर द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन मोहम्मद शारिक खान ने किया। न्यायमूर्ति गण को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व न्यायमूर्ति गण के आगमन पर जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्ता गणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सुर ओ चंदम संगीत अकादमी के डायरेक्टर अजय साहू एवं उनके सदस्यों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, डांस एवं आर्केस्ट्रा का मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उक्त अवसर पर जिले भर के समस्त न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारी गण, पुलिस विभाग के आला अधिकारी सहित संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष द्वयय रमेश पटेल नंदिनी वर्मा, सहसचिव सूर्य प्रकाश पुरैना, कोषाध्यक्ष आर एस जॉन, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव मिथलेश ओझा, पुस्तकालय प्रभारी राजेंद्र पटेल कार्यकारिणी सदस्य शिव नरेश मिश्रा, पालेश्वर साहू, ओंकार जायसवाल, सूमरीत ध्रुव, वरिष्ठ कनिष्ठ अधिवक्ता बलौदा बाजार,सिमगा,भाटापारा, पलारी कसडोल उपस्थित रहे।

## बालिका आवासीय विद्यालय में न्योता भोज आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर।** गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बलौदाबाजार में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की आपरेटर मेघा नागेन्द्र बंजारे के द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर रखा गया। मेघा नागेन्द्र बंजारे ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय में बालिकाओं एवं समस्त स्टॉफ को, न्योता भोज कराकर खुशी व्यक्त कर अपना जन्मदिवस मनाया। मेघा नागेन्द्र बंजारे के द्वारा गर्म भोजन के साथ पुड़ी, छोले, हलवा, सलाद, पापड़ न्योता भोज के रुप में बालिकाओं को प्रदान किया गया। बालिकाओं को न्योता भोज प्रदान करनें के लिए विद्यालय की अधीक्षिका लक्ष्मी काठरे व सभी शिक्षिकाओं प्रभा वर्मा, आकांक्षा गायकवाड़, मेघा बंजारे के द्वारा धन्यवाद दी गयी व शिक्षिकाओं तथा कर्मचारी के सहयोग से न्योता भोज का आयोजन सफल रहा।

# 7 महिला समूहों को मिला 22 लाख से अधिक ऋण


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत जिले के विभिन्न परियोजनाओं से 15 विधवा हितग्राहीयों एवं 7 महिला स्वसहायता समूहों के आवेदनों पर परीक्षण उपरान्त 22 लाख 90 हजार रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न कार्यो को पूर्व से संचालित है, समूह को आत्मनिर्भर एवं उनके व्यवसाय को गति देने विस्तार करने के उद्देश्य से राशि ऋण स्वीकृत की गई है। राज्य शासन द्वारा इन समूहों को 3 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दी जायेगी तथा इसे 24 से 36 मासिक किश्तों में वापस किया जायेगा। उक्त लाभान्वित स्व-सहायता समूहो में बलौदाबाजार परियोजना अंतर्गत जय लक्ष्मी मां स्वसहायता समूह, पनगांव-80 हजार रूपये, जाग्रति स्वसहायता समूह, पुरैनाखपरी-1 लाख 50 हजार रूपये, कृष्णा देवी स्वसहायता समूह, कोलियारी- 2 लाख रूपये, जय गुरूदेव स्वसहायता समूह, करमनडीह-1 लाख रूपये, सियाशिव स्वसहायता समूह खैरताल-1 लाख रूपये, सिद्धि विनायक स्वसहायता समूह लटुवा-1 लाख 50 हजार रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

## मनवा कुर्मी समाज तिल्दाराज के राज प्रधान चुनाव को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह

# ठाकुरराम और खेमनाथ के बीच कांटे की टक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 20 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए मतदान प्रारंभ। राजप्रधान के लिए तिल्दा में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। इसके लिए दोनों ही प्रत्याशीयों ने गांव-गांव जाकर स्वजातियों के घर-घर जनसंपर्क किया है। दोपहर 3 बजे के बाद मतगणना होगी।

तिल्दाराज में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। इनमें दो प्रत्याशियों ठाकुर राम वर्मा और खेमनाथ नायक के बीच सीधा मुकाबला है। समाज का यह बहुत बड़ा चुनाव है, जिसमें तिल्दा राज के 93 गांव के लगभग 29000 मतदाता मतदान कर रहे हैं। तिल्दा राज सहित केंद्रीय अध्यक्ष के लिए भी मतदान किया जा रहा है। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें अजित मढरिया उर्फ बजरंगी, चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा, खोड़स राम वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा शामिल है। वहीं मतदान के बाद मतदान स्थल पर ही मतगणना भी किया जाएगा।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

ग्राम दशरंगपुर खुर्द प.ह.नं.-
आवेदन क्रमांक 0704012414006712
क्रमांक/3886/रीडर/अ.वि.अ/2024
कवर्धा, दिनांक 17/10/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल धुर्वे पिता भागवत धुर्वे निवासी हाल मुकाम दशरंगपुर खुर्द तहसील कवर्धा के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि गोंड़ (अनुसूचित जनजाति) जाति का है। अपने पुत्री (सुखबती धुर्वे) का जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 05/11/2024 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे न्यायालय की मुंहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**पेशी दिनांकः- 05/11/2024**
**जारी दिनांकः- 17/10/2024**

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

ग्राम दशरंगपुर खुर्द प.ह.नं.-
आवेदन क्रमांक 0704012414006709
क्रमांक/3887/रीडर/अ.वि.अ/2024
कवर्धा, दिनांक 17/10/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल धुर्वे पिता भागवत धुर्वे निवासी हाल मुकाम दशरंगपुर खुर्द तहसील कवर्धा के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि गोंड़ (अनुसूचित जनजाति) जाति का है। अपने पुत्र (करण कुमार धुर्वे) का जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 05/11/2024 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**पेशी दिनांकः- 05/11/2024**
**जारी दिनांकः- 17/10/2024**

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

ग्राम दशरंगपुर खुर्द प.ह.नं.-
आवेदन क्रमांक 0704012414006714
क्रमांक/3888/रीडर/अ.वि.अ/2024
कवर्धा, दिनांक 17/10/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल धुर्वे पिता भागवत धुर्वे निवासी हाल मुकाम दशरंगपुर खुर्द तहसील कवर्धा के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि गोंड़ (अनुसूचित जनजाति) जाति का है। अपने पुत्री (युवरानी धुर्वे) का जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 05/11/2024 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**पेशी दिनांकः- 05/11/2024**
**जारी दिनांकः- 17/10/2024**

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव
तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.न.-00015
आरवीरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-
CT202425420406300001

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम आरवीरा के वर्तमान भूमिस्वामी देवकुवर पिता/पति-पिता-जगदीश पता-आरबीरा, जगदीश पिता/पति-पिताम्बर पत्ता-आरबीरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 495/2(0.3480), 348(0.0360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवकुवर नेताम पिता/पति-जगदीश नेताम पता-आरबीरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने करवा चौथ की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों विशेषकर सभी



विवाहित महिलाओं को करवा चौथ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने सब के जीवन में सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। साय ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि करवा चौथ का व्रत सौभाग्यवती महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। माना जाता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक रखने से पति की आयु लंबी होती है। इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती और चंद्रमा की पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की जाती है। पूरे दिन व्रत करने के बाद महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलती हैं।

### ठाकुर प्यारेलाल सिंह को पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि पर राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग में बुनकर भवन के समीपस्थ स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्ववधान में नगर निगम जोन क्रमांक 5 के सहयोग से उन्हें सादर नमन करने रखे गए संक्षिप्त और गरिमामय आयोजन में पहुंचकर प्रमुख रूप से ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड नम्बर 40 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा सहित सेवानिवृत्त आईजी पी. एन. तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्वविश्वजीत सिंह ठाकुर, अमर ठाकुर, सुशील सिंह जंघेल, शुभजीत सिंह ठाकुर जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा सहित बुनकरों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों,आमजनों, नगर निगम जोन 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह को पुण्यतिथि पर नमन कर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

### राष्ट्रपति का प्रवासः निगम आयुक्त ने किया मार्गों का निरीक्षण

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के प्रस्तावित रायपुर प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने उन सभी स्थलों, मार्गों और चौक चौराहों का निरीक्षण भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सड़कें बाधा मुक्त रहे, सफ़ाई की चाक चौबंद व्यवस्था रहे इसका पूरा ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त यू एस अग्रवाल, सी ओ ओ उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पी के पंचायती सहित इंजीनियरिंग अमला साथ था। मिश्रा ने इस दौरान डी डी नगर, जी ई रोड, महोबा बाज़ार स्कूल, डबरा तालाब, महंत तालाब, बॉक्स क्रिकेट प्रोजेक्ट, महोबा बाज़ार के पौनी पसारी परिसर, शशि बाला स्कूल, कारी तालाब प्रोजेक्ट , फफडीह चौक का भी निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की जानकारी ली।

# न पूछो कहां पहुंचे, कहां ठहरे, हुआ क्या क्या... हजारों दास्तानें हैं, वाबस्ता सफर के साथ...



केंद्र में तीसरी बार भाजपा की मोदी सरकार का बनना और करीब 20 राज्यों में भाजपा या उसके समर्थन की सरकारें बनने के पीछे निश्चित ही 'संघ' की बड़ी भूमिका रही है। वहीं आरएसएस यानी राष्ट्रीय् स्वयं सेवक संघ, विजयादशमी को 99 साल का हो गया है और आरएसएस के शतायु होने की उल्टीगिनती शुरू हो गई है।आरएसएस की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी।

अब नागपुर से निकला आरएसएस देश में छा चुका है। यहां तक कि दुनिया के कई देशों में भी शाखाएं हैं समर्थक हो या विरोधी सभी देश, समाज के महत्वपूर्ण मसले में संघ का विचार जानने व्यग्र रहते हैं, संघ के प्रभाव ने हिंदी के कुछ प्रचलित शब्दों को भी ऐसा बना दिया है, मानो वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए ही गढ़े गए थे।देश में किसान संघ, मजदूर संघ, कर्मचारी संघ, उपभोक्ता संघ से लेकर सैकड़ों तरह के संघ हैं।लेकिनअगर कहीं आप बिना खास संदर्भ में केवल संघ बोलेंगे तो सुनने वाले को लगेगा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में बोल रहे हैं।

### 99 साल का सफर और अभी तक 6 संघ प्रमुख...

नौ दशकों में सिर्फ 6 संघ प्रमुख अभी तक बनें हैंऔर सभी की अपनी विशेषताएं हैंज. !सरसंघ चालक यानी संघ प्रमुख। संघ में सबसे ऊपर हैं, वही दिशा-निर्देशन करते हैं। इनकी नियुक्ति मनोनयन द्वारा होती है, वही उत्तराधिकारी की घोषणा भी करते हैं।0संघ संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार 'डॉ साहब' (कार्य काल-1925 से 1940) विशेषता- बड़ी सभाओं की बजाय छोटे समूहों के बीच बात रखते थे, कभी कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रह चुके थे, महत्वपूर्ण घटनाः1940 आते-आते संघ इस स्थिति में पहुंच गया था कि कोई नजरअंदाज नहीं करसकता था 0 माधव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' (कार्य कालः1940-1973) विशेषताःसबसे लंबा 33 साल का कार्यकाल, राष्ट्रीय स्तर का स्वरुप प्रदान किया।संघ का संविधान लिखा गया।महत्वपूर्ण घटनाएंः देश के विभाजन, गांधी की हत्या, संघ पर पहला प्रतिबंध।चीन युद्ध, पाक से 1971 का युद्ध।0मधुकर दत्तात्रय देवरस 'बालासाहेब देवरस (कार्यकाल 1973-1993) विशेषताः सेवा कार्य को विशेष महत्व दे संघ कार्य को नई दिशा दी। राजनीति पर विशेष दृष्टि।महत्वपूर्ण घटनाएंः आपातकाल (1975 -77), संघ पर दूसरी बार प्रतिबंध।जनता पार्टी की सरकार।1992 में राम मंदिर आंदोलन, संघ पर तीसरी बार लगा प्रतिबंध।0प्रो. राजेंद्रसिंह उर्फ़ 'रज्जू भैया'(कार्यकालः1993-2000) विशेषताः पहले ऐसे संघ प्रमुख, पूर्ववर्तियों की तरह महाराष्ट्रियन ब्राह्मण नहीं थे।रज्जू भैया उप्र के निवासी थे। ये पहले संघ प्रमुख थे, जो विदेश गये थे, महत्वपूर्ण घटनाएंः पहली बार ही कोई भाजपा नेता पीएम बना।अटलजी के नेतृत्व में पहली बार एनडीए की सरकार बनी।0 कृपा हल्ली सीतारमैया सुदर्शन 'सुदर्शन' (कार्यकालः 20 00- 2009) विशेषताः पहले दक्षिण भारतीय, दूसरे गैर महाराष्ट्रीयन सरसंघ चालक राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का गठन।महत्वपूर्ण घटनाएंः शाखा पर होने वाले प्रातः स्मरण के स्थान पर एकात्मता स्तोत्र, एकात्मता मन्त्र को उन्होंने प्रचलित कराया 0डॉ.मोहन भागवत (कार्य कालः 2009-अब तक) वि शेषताः सबसे कम आयु के संघ प्रमुख बने, पिता संघ प्रचारक रह चुके हैं, यह बात पूर्व के संघ प्रमुख के साथ नहीं है।महत्वपूर्ण घटनाएंः संघ पर भगवा आतंकवाद का दंश लगा, पहली बार भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में काबिज हुई।




### छग में आखिर हो क्या रहा है गृहमंत्री जी...?

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार करीब 10 महीने पहले बनी, तब एक अति उत्साही युवा नेता पहली बार के विधायक विजय शर्मा को डिप्टी सीएम के साथ ही गृहमंत्री बनाया गया, ठीक है कि नक्सली क्षेत्र में जरूर उत्साहजनक नतीजे देखने मिले पर 31 नक्सलियों को ढेर करने के बाद जिस तरह विजय, सुरक्षा बलों को मिठाई खिलाने पहुंचे उसकी भी चर्चा रही? बलौदा बाजार में एक भीड़ द्वारा कलेक्टर, एसपीऑफि स में आगजनी, उनके अपने कवर्धा जिले में ही जिन्दा जलाने की बड़ी घटना, हिरासत में मौत एसपी, डीएम को हटाने की घटना चर्चा में रही तो हाल में ही सीएम विष्णुदेव के सरगुजा के सूरजपुर में जिस तरह एक पुलिस जवान पर कड़ाही से ख़ौलता तेल फेंककर जलाया गया, वाहन से दबाने का प्रयास हुआ, एक हवलदार की पत्नी, बेटी की उसी के घर में हत्या, लाशों को कुछ किमी दूर फेकने की घटना कम से कम छ्ग के लिये तो नई है, सीएम के गृह जिले जशपुर में थाना निरीक्षक से कुछ लोगों ने मारपीट की, सरगुजा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां ग्रामीणों ङ्क पुलिस कर्मियों के बीच झड़प हो गई है, जिसमें 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, जबकि 10 से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गए हैं, मिली जानकारी के पुलिस के संरक्षण में परसाकोल ब्लॉक के लिए पेड़ों की कटाई की जा रही थी, तब सैकड़ों संख्या में ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे, इसी दौरान खूनी संघर्ष शुरू हो गया, तीर से भी कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गये हैँ। इधर बिलासपुर या रायपुर हो, जिस तरह से चाकूबाजी, हत्याओं का दौर जारी है वह तो यहीं साबित करता है कि पुलिस का ख़ौफ़ अब नहीं रहाज कहीं फोन पर ऊपर से दिये जा रहे अनाप शनाप'निर्देश' का प्रतिफ्ल तो यह नहीं हैज्? सीएम, एचएम का ही क्षेत्र सुरक्षित नहीं है..? राजधानी, न्यायधानी की सुरक्षा व्यवस्था लचर है तो अन्य स्थानों की हालत का अंदाज लगाया जा सकता हैज्?



### एमएलए पुत्र के खिलाफ अंततः थाने में जुर्म दर्ज...

एक बेटे को दंगे में खोने, 7 बार के विधायक रविंद्र चौबे को पराजित करने वाले भाजपा के विधायक ईश्वर साहू के दूसरे बेटे के खिलाफ जुर्म क़ायम हो गया है।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, लेकिन सत्तापक्ष के विधायक ईश्वर साहू के बेटे के खिलाफपुलिस ने एफ्आईआर दर्ज की है। साजा के विधायक ईश्वर साहू के बेटे कृष्णा साहू के खिलाफ पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर ली है।आदिवासी समाज से प्रतिनिधियों ने कृष्णा साहू पर मार पीट, गाली गलौज, अपमानजनक जातिगत टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है।आदिवासी समाज के अध्यक्ष का आरोप था कि थाना साजा के टीआई ने ईश्वर साहू के दबाव में रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार किया था, समझौता करने का सुझाव दिया था।पुलिस से सहयोग नहीं मिलने पर आदिवासी समाज ने डीएम और एसडीएम से मामले की शिकायत की। कृष्णा साहू के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किये जाने कि स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी थी। वहीं, प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने भी भाजपा पर निशाना साधा था जिसके बाद प्रकरण को तूल पकड़ता देख अंततः कृष्णा साहू के खिलाफ साजा थाना में बीएनएस की धारा 296, 115 (2), 351(3), 3(5), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



### और अब बस...

- रायपुर दक्षिण विस से ब्राम्हण प्रत्याशी बनाने की मांग पर टिप्पणी.. कान्य कुब्ज, सरयूपारी, छत्तीसगढ़ी किसे बनायें प्रत्याशी?
- सूरजपुर जिले में हाल ही में हुए इस दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सरकारी योजनाओं के प्रचार में जनसंपर्क अधिकारियों की अहम भूमिकाः पी. दयानंद

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की अहम भूमिका है. उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के हर कोने तक पहुंचे.उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनता के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। पिछले 10 महीनों में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई प्रमुख योजनाएं शुरू की हैं, जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। वे आज नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कार्य समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

सचिव पी. दयानंद ने कहा कि योजनाओं की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का यथासंभव उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग सूचना क्रांति का है, जिसमें सोशल मीडिया का महत्व बढ़ रहा है। जनसंपर्क अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को तत्काल समाचार देना सुनिश्चित करें।

सचिव पी दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक एवं पठनीय होनी चाहिए। एक सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन में बदलाव के बारे में तथ्यात्मक जानकारी और प्रासंगिक तस्वीरों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं एवं नवीन कार्यों पर समय-समय पर विशेष आलेख नियमित रूप से जारी किये जायें।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में शहरी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स लगाये जायें तथा इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों एवं जिला पंचायत परिसरों में लगाये जायें। बैठक में उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, राष्ट्रीय मीडिया और प्रिंट मीडिया में प्रचार-प्रसार कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. बैठक में उन्होंने जिले के जनसंपर्क कार्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि सरकारी कार्यों एवं प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक हो सके. उन्होंने विभागीय व्यवस्था की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये. सचिव दयानंद ने छत्तीसगढ़ संवाद की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संचालक जनसंपर्क अजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य, श्रीमती हर्षा पुराणिक एवं विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हमें अपने देश में उत्पादित वस्तुओं पर गर्व करना चाहिएः उपमुख्यमंत्री

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला के दूसरे दिन शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भारत माता की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ किया। उन्होंने इससे पहले स्वदेशी मेला का अवलोकन किया। कबीरधाम जिले के महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों और अन्य प्रांतो से आए स्वदेशी विक्रेता ने उपमुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मेले के अवलोकन के दौरान स्वदेशी मेला की भव्यता देखकर बहुत अभिभूत हुए। उन्होंने दूसरे राज्यो से आएं स्वदेशी विक्रेता का कवर्धा की इस धरती पर स्वागत और अभिनंदन किया।




स्वदेशी मेला के दूसरे दिन अंचल शर्मा और उनकी म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का यह एक शानदार अवसर है। हमें अपने देश के उत्पादों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि ऐसे मेलों का आयोजन हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने और स्थानीय उद्यमियों के विकास में समर्थन देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज स्वदेशी का संकल्प है हमे इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन ग्लोबल मार्केट में हमारा प्रोडक्ट होना चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया दोनों कॉन्सेप्ट से देश में कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा है कि हमारे देश में नवाचार और स्टार्टअप बढ़ना चाहिए।

# 24 सितंबर के बाद की एनआरआई कोटे की भर्ती प्रक्रिया रोकी जाए : कांग्रेस

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** पंजाब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि केवल नजदीक रक्त संबंधी को अप्रवासी कोटे एनआरआई कोटे में मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन दिया सकता है। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह आवश्यक हो जाता है कि सरकार नई नियमावली का नोटिफिकेशन जारी करे। ताकि योग्य विद्यार्थियों का एडमिशन मेरिट के आधार पर हो सके। मुनाफाखोरी और निजी विद्यालयों के दबाव में भाजपा सरकार सर्वोच्च न्यायालय आदेशो की अनदेखी कर रही है। 24 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के पश्चात छत्तीसगढ़ सरकार को अपनी चल रही भर्ती प्रक्रिया को रोक कर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए था लेकिन फिर भी 27 सितंबर तक भर्ती प्रक्रिया चलती रही। 24 सितंबर के बाद काउंसलिंग की जारी लिस्ट के एनआरआई कोटे के 45 बच्चों के दस्तावेज सत्यापन करने के निर्देश राज्य सरकार ने जारी किया है जो गलत है। सरकार 24 सितंबर के बाद के सभी एडमीशन की प्रक्रिया को निरस्त करें।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा मीडिया के माध्यम से और बाद में पत्र लिखकर माननीय मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं काउंसलिंग कमिटी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को इस संबंध में ध्यान आकर्षित करते हुए तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया था। इस पत्र के मीडिया में आने के बाद पूरी राज्य सरकार हरकत में आई और उन्होंने इस संबंध में महाधिवक्ता की राय दो पत्र लिखकर 10 और 13 अक्टूबर को मंगाई है महाधिवक्ता कार्यालय से सूची सचिव स्वास्थ्य विभाग को जानकारी के अनुसार राज्य सरकार को 16 अक्टूबर को प्राप्त हो गया है।

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के चिकित्सा उपकरण बैंक को एक वर्ष पूर्ण

■ जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है

**रायपर, 20 अक्टूबर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा तात्यापारा के मधुमणि सेवा सदन से संचालित चिकित्सा उपकरण योजना को सफलतापूर्वक चलते हुए एक वर्ष पूरे हो गए। इस एक साल में सैकड़ों मरीजों को संस्था द्वारा निःशुल्क चिकित्सा उपकरण उपयोग करने के लिए दिए गए।

संस्था के संरक्षक अजय शर्मा एवं अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि इसको संचालित करने में हमारे




संस्था के सदस्यों, सर्व समाज के लोगों के व्यक्तिगत सहयोग एवं समाज सेवी संस्थाओं द्वारा आवश्यक संसाधन प्रदान करने में अपनी सहभागिता निभाई जा रही है। ज्ञात हो कि समाज सेवी संस्था जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने रायपुर में अपनी तरह का अनोखा निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक आज से ठीक एक साल पहले शुरू किया था। जो अब पीड़ितों एवम जरूरतमंद की त्वरित सेवा के लिए न सिर्फ रायपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों में पहचाना जाता है . जरूरत होने पर यहां से चिकित्सा उपकरण कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आसानी से पा सकता हैं.। शहर में किसी भी बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति को बेड, वॉकर, व्हील चेयर, स्टिक, नेमुलाइजर, कांसनट्रीटर, ऑक्सीजन सिलेंडर इत्यादि चिकित्सा उपकरणों की जरूरत है तो संस्था के पदाधिकारियों से संपर्क कर निर्धारित औपचारिकता पूर्ण कर निःशुल्क इन उपकरणों का 30 दिनों तक उपयोग कर सकते हैं।

# कांग्रेस और उससे जुड़े लोग अपराधी व हिंसक : केदारनाथ

**रायपुर, 20 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफहै कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के इस शर्मनाक राजनीतिक चरित्र की भाजपा कटु निंदा करती है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-आफ्ज़ाई की। गुप्ता ने कहा कि सूरजपुर के मामले में कानून-व्यवस्था का प्रश्न उठाकर प्रलाप करने में लगी कांग्रेस के छात्र संगठन के पूर्व और वर्तमान दो पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आने पर अब कांग्रेस पूरी निर्लज्जता के साथ इनसे अपने रिश्तों को नकार रही थी, लेकिन सवाल यह है कि जो कांग्रेस पहले अपराधियों को अपना कार्यकर्ता नहीं मान रही थी, तो उस कांग्रेस ने पद से किसे और क्यों हटाया है? गुप्ता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# बच्चों ने परमात्मा का जन्मकल्याणक मनाया



**रायपुर, 20 अक्टूबर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस बच्चों को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति रविवार बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है। इस रविवार को बच्चों ने परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया। हे प्रभु आनंददाता ज्ञान हमको दिजिये, शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिये के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि आज 106 बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक की, तीर्थंकरों के जन्म से तीन ज्ञान व व अतिशय बलों की जानकारी देकर मेरुशिखर पर स्नात्र महोत्सव कराया गया। जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के लाभार्थी सुनील लोढ़ा मुस्कान रेसीडेंसी हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26